दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
■ Since : 2004
/// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 265 | जयपुर | मंगलवार ,29 जुलाई, 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-पंचमी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## संक्षिप्त समाचार

### बाराबंकी के अवसानेश्वर मंदिर में भगदड़, 2 की मौत



बढ़ता राजस्थान

**बाराबंकी ( एजेंसी )।** यूपी में बाराबंकी के अवसानेश्वर महादेव मंदिर में सावन के तीसरे सोमवार को भगदड़ मच गई। हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, 29 लोग घायल हैं, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।बताया जा रहा है कि रविवार रात 2.30 बजे जलाभिषेक के दौरान मंदिर परिसर में अचानक करंट फैलने से हादसा हुआ। भागने के दौरान लोग एक-दूसरे को कुचलते चले गए। डिप्टी ष्टरू ब्रजेश पाठक ने घटना को लेकर डीएम से 24 घंटे में रिपोर्ट मांगी है। सीएमओ अवधेश यादव ने बताया- हादसे के बाद पुलिसकर्मी एंबुलेंस से 29 लोगों को हैदरगढ़ सीएचसी लेकर आए। 9 को त्रिवेदीगंज और 6 को कोठी सीएचसी भेजा गया। 5 गंभीर घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। अब तक दो की मौत हुई है।डीएम शशांक त्रिपाठी ने बताया- कुछ बंदर बिजली के तार पर कूद गए थे, जिससे तार टूटकर मंदिर परिसर के टीनशेड पर गिर गया। इसी कारण करंट फैल गया। करंट लगने से प्रशांत कुमार (16) और रमेश कुमार (35) की मौत हुई है।योगी सरकार ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए देने का ऐलान किया है। अवसानेश्वर मंदिर जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के वक्त लाइन में करीब 3 हजार लोग दर्शन के लिए लगे हुए थे।बता दें कि रविवार सुबह हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में भी भगदड़ मच गई थी। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे।

### 19 साल की दिव्या देशमुख ने चेस विमेंस वर्ल्डकप जीता



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** 19 साल की दिव्या देशमुख ने चेस का एफआईडीईमहिला वर्ल्ड कप जीत लिया है। उन्होंने फाइनल में भारत की ही कोनेरू हम्पी को टाईब्रेक राउंड में हराकर खिताब जीता। वर्ल्ड चैंपियन बनने के साथ वे भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर भी बन गईं।टूर्नामेंट में दिव्या ने कई टॉप रैंक प्लेयर्स को हराया और फाइनल में जगह बनाई। हम्पी के खिलाफ फाइनल में दिव्या ने दोनों प्रमुख मुकाबले ड्रॉ खेले। जिसके बाद सोमवार को टाईब्रेक राउंड हुआ, जिसमें दिव्या ने 2.5-1.5 के स्कोर से बाजी मारी।मैच के बाद हम्पी ने कहा कि 12वीं चाल के बाद उन्हें समझ नहीं आया कि अब क्या करना है। हालांकि, 54वीं चाल में दिव्या ने जरूरी बढ़त हासिल कर ली। जिसके बाद हम्पी ने रिजाइन कर दिया और दिव्या को जीत मिली।एफआईडीई विमेंस वर्ल्ड कप जीतने पर दिव्या को लगभग 42 लाख रुपए मिलेंगे। वहीं वर्ल्ड कप (ओपन सेक्शन) के विजेता को लगभग ?91 लाख मिलते हैं।

### हैदराबाद में बैडमिंटन खेलते-खेलते आया हार्ट अटैक

बढ़ता राजस्थान

**हैदराबाद ( एजेसी )।** हैदराबाद के नागोले स्टेडियम में बैडमिंटन खेलते वक्त एक 25 साल के युवक की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। मृतक राकेश हैदराबाद में एक निजी कंपनी में काम करता था। घटना रविवार रात की है।घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि राकेश बैडमिंटन खेलने के दौरान शटल कॉक उठाने के बाद अचानक गिर जाते हैं।दोस्त तुरंत ही उसे नजदीक के हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## जयपुर में भारी बारिश: निचले इलाकों में भरने लगा पानी

### सड़कों पर जाम लगा; बीच रास्ते में फंसे लोग

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर में दिनभर उमस के बाद शाम को भारी बारिश हुई। तेज बारिश के कारण शहर के निचले इलाकों में पानी भर गया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ घंटों में और बारिश होने की संभावना है। प्रशासन ने नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की है। शाम करीब 6.30 बजे तेज बारिश का दौर शुरू हुआ था। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग ऑफिस से घर लौट रहे थे। शहर की बाहरी कॉलोनियों से आने वाले लोग बीच रास्ते में ही अटक गए। तेज बारिश की वजह से सड़क पर पानी भर गया। जाम के हालत बन गए। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।जयपुर में जेएलएन मार्ग पर देर शाम तक करीब एक इंच यानी 25एम एम से ज्यादा पानी बरसा। इसके अलावा जयपुर के नरैना में 20, फागी में 12 एमएम बरसात दर्ज हुई।

**गोपालपुरा पुलिया पर लगा जाम**

जयपुर में बारिश के बाद जेएलएन मार्ग, गोपालपुरा पुलिया और टोंक रोड पर लंबा जाम लग गया। विजुअल गोपालपुरा पुलिया का है। तेज बारिश के कारण जयपुर के बरकत नगर में किसान मार्ग पर पानी भर गया। यहां लगातार बारिश जारी है। जयपुर में तेज बारिश से गलियों में पानी भर गया है। सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या देखने को मिल रही है। आज सावन का तीसरा सोमवार है। जयपुर की प्रसिद्ध तीज माता की सवारी निकली। लोग इसे अच्छा संकेत मान रहे हैं।

## जयपुर में तेज बारिश में निकली बूढ़ी तीज की सवारी

### बैलों से बंधी तोपगाड़ी, ऊंट पर हथियारबंद सुरक्षाकर्मी तैनात रहे; विदेशी भी नाचने लगे

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर में सोमवार को तेज बारिश के बीच बूढ़ी तीज की सवारी निकाली गई। सवारी में कलाकारों की परफॉर्मेंस के बाद पचरंगा झंडा हाथ में लिए गामा पहलवान हाथी पर सवार होकर निकले। इनके पीछे बैलों से बंधी तोपगाड़ी और ऊंट पर हथियारबंद सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे।दरअसल, बूढ़ी तीज की सवारी सादगी और परंपरा का प्रतीक मानी जाती है। बूढ़ी तीज का विशेष महत्व विवाहित महिलाओं के लिए होता है, जो अपने सुहाग की लंबी उम्र और सौभाग्य की कामना से व्रत रखती हैं। पूरे दिन शहर की गलियों में पारंपरिक गीतों की गूंज रहेगी, महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सजकर मंदिरों में पूजा अर्चना की। इससे पहले रविवार को तीज माता की सवारी निकाली गई थी।

**राजस्थानी संस्कृति की रही अद्भुत झलक**

इस दो दिवसीय आयोजन में राजस्थानी लोक जीवन, रीति-रिवाज और कलाओं का अनूठा संगम देखने को मिला। कालबेलिया, घूमर, कच्छी घोड़ी, शहनाई-नगाड़ा जैसे पारंपरिक आयोजन न सिर्फ देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने, बल्कि शहरवासियों ने भी इनसे अपने सांस्कृतिक जुड़ाव को महसूस किया। इस बार तीज महोत्सव का प्रचार पर्यटन विभाग द्वारा बड़े स्तर पर किया गया। आयोजन का लाइव प्रसारण जयपुर शहर में जगह-जगह लगाई गई बड़ी स्क्रीन पर और राजस्थान के विभिन्न जिलों में डीओआईटी नेटवर्क के माध्यम से किया गया, जिससे हजारों लोग इस उत्सव से डिजिटल रूप से भी जुड़ सके।जयपुर का यह तीज महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि यह राजस्थान की जीवंत सांस्कृतिक पहचान और विरासत का सार्वजनिक प्रदर्शन भी बना।

### लोकसभा में खड़े होकर जयशंकर ने बताया

## टीआरएफ आतंकी संगठन घोषित हुआ, पाकिस्तान को कैसे दुनिया के सामने किया बेनकाब

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि यह बिल्कुल स्पष्ट था कि सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा स्वीकृत पहले कदमों के बाद, पहलगाम हमले पर भारत की प्रतिक्रिया यहीं नहीं रुकेगी। कूटनीतिक दृष्टिकोण से, विदेश नीति के दृष्टिकोण से, हमारा कार्य पहलगाम हमले की वैश्विक समझ को आकार देना था। हमने जो करने की कोशिश की, वह यह था कि हम अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सामने पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद के लंबे समय से इस्तेमाल को उजागर करें। हमने पाकिस्तान में आतंकवाद के इतिहास पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे यह विशेष हमला जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को निशाना बनाने और भारत के लोगों के बीच सांप्रदायिक कलह पैदा करने के लिए किया गया था।

सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर बोलते हुए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद एक स्पष्ट, मजबूत और दृढ़ संदेश भेजना महत्वपूर्ण था। हमारी लाल रेखाएं पार हो गई थीं और हमें यह स्पष्ट करना था कि इसके गंभीर परिणाम होंगे। पहला कदम, जो उठाया गया, वह यह था कि 23 अप्रैल को सुरक्षा पर कैबिनेट समिति की बैठक हुई। विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि यह बिल्कुल स्पष्ट था कि सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा स्वीकृत पहले कदमों के बाद, पहलगाम हमले पर भारत की प्रतिक्रिया यहीं नहीं रुकेगी। कूटनीतिक दृष्टिकोण से, विदेश नीति के दृष्टिकोण से, हमारा कार्य पहलगाम हमले की वैश्विक समझ को आकार देना था। हमने जो करने की कोशिश की, वह यह था कि हम अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सामने पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद के लंबे समय से इस्तेमाल को उजागर करें। हमने पाकिस्तान में आतंकवाद के इतिहास पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे यह विशेष हमला जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को निशाना बनाने और भारत के लोगों के बीच सांप्रदायिक कलह पैदा करने के लिए किया गया था।

## कभी नहीं पूछा कि हमने कितने दुश्मन के विमान मार गिराए... विपक्ष पर राजनाथ सिंह ने साधा निशाना

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** संसद के मानसून सत्र के दौरान राजनाथ ने कहा कि विपक्ष के लोग पूछते रहे हैं कि हमारे कितने विमान गिरे। मुझे लगता है कि उनका यह प्रश्न हमारी राष्ट्रीय जनभावनाओं का सही प्रतिनिधित्व नहीं करता। उन्होंने कहा कि हर देश में, नागरिक विपक्ष और सरकार को अलग-अलग ज़िम्मेदारियाँ सौंपते हैं। सरकार की भूमिका नागरिकों के लिए काम करना है, और विपक्ष की भूमिका नागरिकों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार से सवाल पूछना है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को लोकसभा में विपक्ष पर निशाना साधा और ऑपरेशन सिंदूर पर शुरुआती बहस के दौरान गलत सवालों को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। संसद के मानसून सत्र के दौरान राजनाथ ने कहा कि विपक्ष के लोग पूछते रहे हैं कि हमारे कितने विमान गिरे। मुझे लगता है कि उनका यह प्रश्न हमारी राष्ट्रीय जनभावनाओं का सही प्रतिनिधित्व नहीं करता। उन्होंने कहा कि हर देश में, नागरिक विपक्ष और सरकार को अलग-अलग ज़िम्मेदारियाँ सौंपते हैं। सरकार की भूमिका नागरिकों के लिए काम करना है, और विपक्ष की भूमिका नागरिकों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार से सवाल पूछना है। विपक्ष के कुछ सदस्य पूछ रहे हैं कि हमारे कितने विमान मार गिराए गए? मुझे लगता है कि उनका सवाल हमारी राष्ट्रीय भावनाओं का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं करता है।

सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए कहा कि फाल्गाम आतंकी हमले के जवाब में 7 मई को शुरू किया गया सैन्य अभियान सफल रहा।

## हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों का ऑटोमैटिक कटेगा चालान

### पब्लिक ट्रांसपोर्ट में पैनिक बटन दबाते ही पहुंचेगी पुलिस, बस-टैक्सी में लगेंगे ट्रैकिंग डिवाइस

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान में पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम अब पहले से ज्यादा सुरक्षित बनेगा। यात्रियों खासकर, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर खास ध्यान दिया जा रहा है। प्रदेश के 2.5 लाख पब्लिक ट्रांसपोर्ट वाहनों में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस और इमरजेंसी पैनिक बटन लगाए जा रहे हैं।लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस से वाहन ऑनलाइन निगरानी में रहेंगे। इमरजेंसी पैनिक बटन दबाते ही कंट्रोल सेंटर को अलर्ट मिलेगा। पुलिस की इमरजेंसी रिस्पॉन्स यूनिट तत्काल मौके पर पहुंचेगी। वहीं, ई-डिटेक्शन सिस्टम पोर्टल की मदद से हाईवे पर स्पीड लिमिट तोड़ने, बीमा, टैक्स और परमिट जैसे डॉक्यूमेंट नहीं होने पर ऑटोमैटिक चालान कटेगा। राज्य के 145 टोल प्लाजा पर रियल टाइम ट्रैकिंग सिस्टम सक्रिय है। इससे ट्रैकिंग और ई-चालान में कोई भी चूक नहीं रह पाएगी। वहीं, हाइपोथेकेशन रिमूवल मॉड्यूल से लोन पूरा होने पर घर बैठे रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (आरसी) मिल जाएगी।

**2.5 लाख वाहनों में लगेगा डिवाइस**

उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने सोमवार को परिवहन भवन में VLTS कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का उद्घाटन किया। जो इस पूरे सिस्टम की निगरानी करेगा।

इस प्रक्रिया के लिए केंद्र की निर्भया योजना के तहत कंट्रोल सेंटर का सेटअप किया गया है। ई-डिटेक्शन सिस्टम पोर्टल और हाइपोथेकेशन रिमूवल मॉड्यूल की भी शुरुआत की गई। प्रेमचंद बैरवा ने बताया- पहले चरण में यह सिस्टम रोडवेज की बसों में एक्टिवेट किया गया है। जल्द ही सभी पब्लिक ट्रांसपोर्ट में इसे लागू किया जाएगा। डिवाइस केवल उन निर्माताओं के होंगे, जो केंद्रीय एजेंसियों से अप्रूव्ड हैं।

**जैसे ही पैनिक बटन दबाया, कंट्रोल सेंटर पर आएगा अलर्ट**

डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने बताया- परियोजना को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुसार लागू किया गया है। मंत्रालय की ओर से 1 जनवरी 2019 से पब्लिक ट्रांसपोर्ट वाहनों में ङ्करुञ्जस्ञ्ज और इमरजेंसी बटन की अनिवार्यता घोषित की गई थी। इसके तहत सभी चार पहिया या अधिक सीटर सार्वजनिक सेवा वाहनों में यह सुविधा अनिवार्य है। ऑटो और ई-रिक्शा इससे बाहर रखे गए हैं।

प्रेमचंद बैरवा ने बताया- हर गाड़ी के अंदर एक इमरजेंसी बटन लगा रहेगा। आपात स्थिति के समय यात्री के दबाते ही परिवहन विभाग स्थित कंट्रोल सेंटर में अलर्ट आएगा। कंट्रोल सेंटर में मौजूद ट्रैकर इस सूचना को पुलिस विभाग के 112 इमरजेंसी रिस्पॉन्स पर व्हीकल की रियल टाइम लोकेशन शेयर करेगा। इससे नजदीकी पुलिस व्हीकल सुरक्षा के लिए पहुंच सकेगी।तेज रफ्तार होने पर व्हीकल का चालान इसी कंट्रोल सिस्टम से किया जा सकेगा।




सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर( राज. ) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि॑बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर वृक्षारोपण



बढ़ता राजस्थान

प्रागपुरा(सुशील कुमार बंसल)। कस्बे में अम्बेडकर नगर स्थित मोक्षधाम में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर शहीद लुहार ने वृक्षारोपण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रजातियों के 11 पेड़-पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। शहीद लुहार ने कहा कि प्रकृति हमारी जीवनदायिनी है और इसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। वृक्षारोपण करके हम न केवल पर्यावरण को बचाने में मदद कर सकते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक स्वस्थ भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। शहीद लुहार ने वृक्षारोपण के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि पेड़-पौधे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, वायु प्रदूषण को कम करते हैं और जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए। इस दौरान रोशन सोनी, सुनिल गुप्ता, सद्दाम हुसैन समेत अन्य लोगों ने शहीद लुहार के प्रयास की सराहना की और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का संकल्प लिया। युवा नेता लोकेश यादव ने भी शहीद लुहार के प्रयास की प्रशंसा की और कहा कि हम सभी को मिलकर पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करना चाहिए।

## राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा राजस्थान अभियांत्रिक अधीनस्थ सेवा में चंद्रेश शर्मा ने सामान्य वर्ग में 19 वां स्थान हासिल किया

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी। अंशु गुप्ता )।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा राजस्थान अभियांत्रिक अधीनस्थ सेवा में रिठोली निवासी चंद्रेश शर्मा पुत्र महेंद्र शर्मा ने सामान्य वर्ग में 19 वां स्थान हासिल किया है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग में कनिष्ठ अभियंता के पद के लिए उन्होंने वर्ष 2024 में कनिष्ठ अभियंता संयुक्त सीधी भर्ती में परीक्षा दी थी। जिसमें उन्होंने 19 वां स्थान प्राप्त कर सफलता हासिल की है। जिसके बाद ग्रामीणों व परिजनों ने उन्हें शुभकामनाए दी है। फिलहाल चंद्रेश कुमार शर्मा गुरुग्राम में डीएलएफ कम्पनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है।



## हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण कर वन राज्यमंत्री ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरित हरियालो राजस्थान अभियान के तहत मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत सोमवार को अलवर में सनातन गोसेवा धाम एवं कृषि उपज मंडी परिसर में सामाजिक संगठन व व्यापारिक संगठन एवं आम नागरिकों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया।

वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड मां के नाम अभियान' अब जन-जन का आन्दोलन बन गया है। उन्होंने कहा कि पहले वन विभाग पेड़ लगाने के लिए आमजन को पौधे वितरित करता था, किन्तु प्रधानमंत्री जी के इस अभियान से आमजन में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता आई है और अब आमजन खुद पेड़ खरीदकर अपने पूवर्जों के नाम से न केवल पेड़ लगा रहे हैं, बल्कि इसको भारत सरकार के माई भारत पोर्टल पर अपलोड भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष राजस्थान से 6 करोड़ आम लोगों ने इस पोर्टल पर अपने फोटो अपलोड किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के अभियान से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने विगत वर्ष मिले सवा तीन करोड़ पेड़ लगाने के लक्ष्य से आगे बढ़कर प्रदेश में 7 करोड़ 35 लाख पौधे लगाए गए। इस वर्ष हरियाली तीज से शुरू किए गए अभियान में प्रदेश में 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है और हरियाली तीज के अवसर पर एक ही दिन में ढाई करोड से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं।

# वन एंव पर्यावरण अभियान नगरपालिका सूरौठ के तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )**सूरौठ - वन एंव पर्यावरण अभियान नगरपालिका सूरौठ तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय,सूरौठ के खेल मैदान,में हरियाली तीज के दिन पौधारोपण किया।पौधारोपण के बाद पर्यावरण चौपाल हुए। चौपाल की अध्यक्षता सूरौठ नगरपालिका अध्यक्ष पिंकेश शर्माने की।चौपाल के मुख्य अतिथि 卐वन एवं पर्यावरण अभियान,करौली के जिला संयोजक महेन्द्र सिंह मीना ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भगवान ने हमें स्वस्थ तन, मन, मस्तिष्क के साथ अपनी श्रेष्ठतम रचना शरीर के साथ भारत भू पर जन्म दिया। हमारा जन्म हुआ तब से हर व्यक्ति मृत्यु पर्यन्त से उपहार स्वरूप जीवन दाहिनी ऑक्सीजन ग्रहण करता है और प्रकृति प्रदत्त अन्न, जल ,फल, सब्जी व भांति



%भांति की जड़ी बूटियों को विभिन्न रूपों में ग्रहण करता है। हमारा संपूर्ण जीवन ही प्रकृति पर निर्भर है। इसके विपरीत आज मनुष्य इसी प्रकृति का अपनी अति महत्वाकांक्षा व उपभोक्तावादी मानसिकता के चलते प्रकृति का दिन- रात शोषण कर रहा है। इसी के दुष्परिणाम स्वरूप आज देश दुनिया में बेमौसम बरसात, बाढ़, भूकंप, भूस्खलन, वायुमंडल में तेजी से बढ़ता प्रदूषण तापमान में अन अपेक्षित बढ़ोतरी ,पिघलते ग्लेशियर जैसी त्रासदीपूर्ण घटनाएं घट रही हैं। जिसके कारण मनुष्य का जीवन जीना दिन- प्रतिदिन दुष्कर होता जा रहा है।मीना ने कहा कि प्रकृति प्रकोप का आलम कोराना काल के समय संपूर्ण देश व दुनिया ने देखा व भुगता है, कि कैसे कोरोना काल के समय ऑक्सीजन की कमी से कैसी हाहाकार मची थी। और दुनिया भर के चिकित्सकों ने इसको प्राप्त करने के लिए प्रकृति की शरण में जाने की सलाह दी थी। हमारे धर्म शास्त्रों में भी मानव पर तीन प्रकार के ऋण बताए गए हैं। देव ऋण,पितृऋण,भूऋण। यह धरती माता का ऋण हमारे ऊपर होता है। जिस पर हमारा जन्म हुआ है, और वह जीवन पर्यन्त हमारा कदम -कदम पर विभिन्न रूपों में पालन- पोषण करती है।卐हमारे धर्म -शास्त्रों में भी एक पेड़ लगाने का महत्व एक यज्ञ करने के समान बताया गया है।卐 नगरपालिका अध्यक्ष पिंकेश शर्मा ने कहा कि पर्यावरण हमारी सनातन परम्परा है। हमें कम से कम एक पौधा लगाना चाहिए। चौपाल में अरिहंत जैन(वरिष्ठ लिपिक),राजीव धाकड(कनिष्ठ अभिय?ता),रामअवतार शर्मा(सीनियर नर्सिंग आफिसर),वीरेन्द्र सिंह राजपुत(वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक),गुमान सिंह आदि उपस्थित रहे।

# डॉ. पूरणमल बुनकर को मिला डॉ. कलाम लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

बढ़ता राजस्थान

पावटा । कस्बे के ग्राम बिदारा निवासी समाजसेवी डॉ. पूरणमल बुनकर को ख्वाब फाउंडेशन, बिहार के तत्वावधान में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के ऑडिटोरियम में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय युवा सम्मेलन डॉ. कलाम यूथ लीडरशिप कॉन्फ्रेंस 7.0 में प्रतिष्ठित डॉ. कलाम लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। इस अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में नेपाल, दुबई, अमेरिका और श्रीलंका जैसे देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। डॉ. बुनकर को यह सम्मान एक दशक से अधिक समय से सामाजिक उत्कृष्टता और जिम्मेदारियों के उच्चतम




मानक प्रदर्शित करने पर दिया गया है। इससे पूर्व भी डॉ. बुनकर को 152 सम्मान प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें अंतरराष्ट्रीय सोशियल वेलफेयर अवार्ड, टीचर इनोवेशन अवार्ड, द ग्रेट सोशल अचीवर अवार्ड और भीमाबाई रत्न अवॉर्ड प्रमुख हैं। डॉ. बुनकर को डॉ. कलाम लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिलने पर क्षेत्रवासियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## हरियाली तीज पर गौतम भवन में किया पौधरोपण



बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे में हरियाली तीज के मौके पर युवाओं द्वारा गौतम भवन साहवा में पौधारोपण किया गया। रविवार को हरियाली तीज के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आह्वान पर हरियालो राजस्थान एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत गौतम भवन साहवा में वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में गौतम सेवा समिति अध्यक्ष केशरी धुंधावत, भाजपा ब्लॉक मंडल उपाध्यक्ष प्रमोद उपाध्याय, एडवोकेट अंकित वत्स, विप्र फाउंडेशन महासचिव व वृक्ष मित्र लक्ष्मीनारायण उपाध्याय, घनश्याम शर्मा, विजेंद्र जोशी, विप्र फाउंडेशन साहवा अध्यक्ष कृष्णलाल बोहरा, समाजसेवी महेंद्र खान कुम्हार, सुरजीत शर्मा, सर्व ब्राह्मण जिला अध्यक्ष गिरधारी लम्मानी, नवल किशोर दुदानी, रमेश शर्मा, सूरज शर्मा आदि उपस्थित थे।

# श्रावण मास के तीसरे सोमवार पर पीलिया की कोठी पर किया सामूहिक सहस्त्र घट

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी।** अंशु गुप्ता। श्रावण मास के तीसरे सोमवार को शहर के शिवालयों में सुबह से बम भोले, हर हर महादेव के जयकारों के साथ शिवजी की आरती की गूंज सुनाई दिए। यहां पीलिया की कोठी स्थित नर्वदेश्वर महादेव मंदिर में सहस्त्र घट की पूजा की गई। जिसमें सैंकड़ों शिव भक्तो ने पूरे उल्लास व आस्था मे आचार्य पंडित विष्णु कुमार , गजानद शर्मा के साथ मंत्रोच्चारण करते हुए शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। साथ ही शिवलिंग पर पुष्प व बिल्ब पत्र अर्पित कर श्रृंगार किया। मंदिर में सुबह करीब 9 बजे सहस्त्र घट



की पूजा प्रारम्भ हुई।करीब 5 घंटे चले अभिषेक में रुद्र पाठ, शिव स्तुति व मंत्रो से पूजा हुई।वही दूध, जल, गंगाजल, शहद, घी आदि द्रव्यों से शिवलिंग का अभिषेक किया। इस धार्मिक आयोजन में माता पार्वती व शिवजी के साथ नंदी बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। शिव पूजन कार्यक्रम में महंत श्याम तिवारी, धर्मेंद्र शर्मा, दिलीप बैध, भगवान पटवा, वेद प्रकाश तिवारी, संजय वैध, मनोज जैन, मनोज जोशी, दिलीप शर्मा, ईश्वर पटवारी, सोनू पंडा, प्रहलाद पंसारी, शुभम मसान, विक्की सैन,सहित समस्त शिव भक्त मंडल के सदस्य मौजूद रहे।

## हरियालो राजस्थान के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का किया गया आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन - सिटी ( अंशु गुप्ता )।** स्थानीय महाविद्यालय श्री अग्रसेन महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में हरियालो राजस्थान के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजकुमार गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अग्रसेन शिक्षा प्रसार समिति के अध्यक्ष रामदयाल पटवारी, महामंत्री ओमप्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश तिघारिया रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्रपटल के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर हुई,कार्यक्रम में %एक पेड़ मां के नाम% के तहत महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्य किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. ताराचंद, डॉ. मनोज, डॉ. तपन, सुनीता, आशा, नवीन माथुर, धर्मेंद्र शर्मा, आशुतोष गुप्ता,एवं शैक्षिक और अशैक्षिक स्टॉफ आदि उपस्थित रहे.....




# आंगनबाड़ी चलो अभियान के तहत प्रवेश उत्सव और विदाई समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**पावटा( सुशील कुमार बंसल )।** महिला एवं बाल विकास विभाग एवं रॉकेट लर्निंग संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आंगनबाड़ी केंद्र प्रागपुरा में बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रियंका यादव के सानिध्य में आंगनबाड़ी चलो अभियान के तहत प्रवेश उत्सव एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में तीन वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का आंगनबाड़ी में प्रवेश करते हुए स्वागत किया गया। वहीं छह वर्ष की आयु पूर्ण कर प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश लेने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र देकर



ससम्मान विदाई दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि पैदा करना और उनके शैक्षणिक जीवन के पहले पड़ाव को उत्साहपूर्ण बनाना है। कार्यक्रम को आकर्षक व रोचक बनाने हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। जिसको लेकर बच्चों एवं अभिभावकों में उत्साह देखने को मिला।कार्यक्रम में रॉकेट लर्निंग संस्थान से भगवान सैनी व चेतन शर्मा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कविता ,बबीता ,मधु शर्मा, सरिता,कमलेश स्वामी उपस्थिति रही। सभी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया एवं अभियान की सराहना की।

## पुलिस ने पकड़ा एक हजार किलोग्राम नकली पनीर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक हजार किलोग्राम नकली पनीर से भरी एक पिकअप पकड़ी है। पुलिस ने जेसीबी बुलाकर नकली पनीर को मिट्टी में दबाकर नष्ट करवाया। पुलिस ने पांच आरोपियों को राउंडअप करने के साथ पिकअप को जब्त किया है।पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) हनुमान प्रसाद ने बताया कि बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक हजार किलोग्राम



नकली पनीर से भरी एक पिकअप पकड़ी है।वहीं आरोपी सहरुन (19), साहिल (22) व उसामा (19) निवासी रामगढ़ अलवर, राजेन्द्र (51) निवासी मुंडोला कालवाड़ और नरेश कुमार (47) निवासी पिण्डोलाई बिंदायका को पकड़ा। पूछताछ में आरोपित पिकअप ड्राइवर-खलासी साहिल व सहरुन ने बताया कि दूध, दूध पाउडर व चिकनाई के लिए पामोलिन तेल यूज कर नकली पनीर तैयार किया गया है। पुलिस और खाद्य विभाग ने पकड़े एक हजार किलोग्राम नकली पनीर को नष्ट करवाने के लिए जेसीबी बुलाई और गहरा गड्ढा खुदवाकर नकली पनीर को दबाकर नष्ट कराया गया। पूछताछ में सामने आया है कि नकली पनीर आरके डेयरी रामगढ़ अलवर से लेकर आते है। संचालक अख्तर विभिन्न जगहों पर नकली पनीर सप्लाई करता है। जयपुर के फर्म बालाजी पनीर प्रोपराइटर राजेन्द्र शर्मा और फर्म नेहा पनीर प्रोपराईटर नरेश कुमार को सप्लाई किया था। दोनों प्रोपराइटर की ओर से जयपुर व अन्य स्थानों पर नकली पनीर की सप्लाई करनी थी।थानाधिकारी विनोद कुमार वर्मा ने बताया कि मुखबिर से सोमवार दोपहर सूचना मिली कि सिरसी नाडिया कुंडा रोड पर कुल लोग पनीर का बिजनेस करते है। जिसको देखकर मिलावटी,नकली पनीर होने की आशंका है। पुलिस टीम के दबिश देने पर एक पिकअप में रखे कैरेट्स में पनीर भरा मिला। भारी मात्रा में मिले पनीर से बदबू आ रही थी।

## तीन देशी कट्टे और तीन जिंदा कारतूस सहित एक बाल अपचारी निरुद्ध

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** कालवाड थाना पुलिस ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार सहित एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है और उसके पास से हथियार तीन देशी कट्टे और तीन जिंदा कारतूस जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपित बाल अपचारी से पूछताछ की जा रही है।पुलिस उपायुक्त जयपुर शहर (पश्चिम) हनुमान प्रसाद ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत कालवाड थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित एक बाल अपचारी को निरुद्ध कर उसके पास से अवैध हथियार तीन देशी कट्टे और तीन जिन्दा कारतुस बरामद किया है।थानाधिकारी कालवाड़ कविता शर्मा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि कालवाड मेन रोड से मालीवाडा श्मशान घाट की तरफ से युवक आ रहा है। जिसके पास अवैध हथियार होने की संभावना है। जिस पर टीम ने संदिग्ध युवक को रोका और बैग चेक किया गया तो उक्त शख्स के कब्जे से अवैध तीन देशी कट्टे व तीन जिंदा कारतूस मिले। पुलिस पूछताछ की गई तो सामने आया कि बाल अपचारी अवैध हथियार देसी कट्टे व कारतुस अलवर से 15 हजार रुपये में खरीद कर लाया था। उसका पिछले कुछ दिनों से कालवाड के हिस्ट्रीशीटर भूपेंद्र सिंह कालवाड़ के साथ सोशल मीडिया पर हुए विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते उसकी हत्या करने के लिए यह हथियार लाये गये है। पुलिस आरोपित से अवैध हथियार की खरीद—फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

## बालिका गृह गांधी नगर संरक्षण सेंटर से फरार हुई नाबालिग बालिका को किया दस्तयाब

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बजाज नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बालिका गृह गांधीनगर संरक्षण सेन्टर से फरार हुई नाबालिग बालिका को दस्तयाब किया है। पुलिस की स्पेशल टीम के सदस्यों द्वारा लगातार दिल्ली, गुरुग्राम हरियाणा, नीमराणा, बहरोड अलवर में कड़ी मेहनत करते हुए बालिका की तलाश करते हुए डिटेन किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि चार जुलाई की रात को बालिका गृह गांधी नगर संरक्षण सेंटर से नाबालिग बालिका दीवार के सहारे छत पर चढ़कर फरार होने की घटना के संबंध में मामला दर्ज कराया गया था। जिस पर एक पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा नाबालिग बालिका के फरार होने की सूचना प्राप्त होने पर तुरंत बालिका गृह में जाकर सीसीटीवी वीडियो कैमरों की फुटेज चेक की गई एवं बालिका गृह में रात्रि के समय मौजूद स्टाफ से गहनता पूर्वक पूछताछ की गई। बालिका गृह गांधी नगर के आस पास कॉलोनी में लगे सीसीटीवी वीडियो कैमरों की फुटेज चेक किये जाकर रात्रि में चलने वाले सैकड़ों ऑटो चालकों से गहन पूछताछ की गई तो बालिका गांधी नगर स्टेशन से ट्रेन में बैठकर दिल्ली जाने का अहम सुराग मिला। जिस पर एक टीम दिल्ली रवाना की गई तथा टीम के सदस्य दिल्ली, गुरुग्राम, नीमराणा, बहरोड अलवर में जाकर कड़ी मेहनत व लगन के साथ तकनीकी सहायता एवं सूचना तंत्र से जानकारी एकत्रित करते हुए बालिका के बारे में अहम जानकारियां प्राप्त की गई तथा टीम सदस्यों द्वारा सूचनाएँ साझा करते हुए बालिका दिल्ली से बस में बैठकर जयपुर आने की मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर दूसरी टीम नारायण सिंह सर्किल रवाना की गई। टीम बालिका की तलाश करती हुई जयपुर पहुँची जिनके द्वारा दिल्ली से आने वाली हर बस को चेक करते हुए बालिका को बस से उतरते ही नारायण सिंह सर्किल से दस्तयाब किया गया तथा बाल कल्याण समिति सदस्य के समक्ष पेश कर बालिका गृह गांधीनगर जयपुर में दाखिल करवाया

## 1.900 किलोग्राम अवैध अफीम सहित एक बदमाश को धर—दबोचा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) चित्तौड़गढ़ सेल के अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए 9 मील चैराहा चित्तौड़गढ़-कपासन रोड चित्तौड़गढ़ पर एक व्यक्ति को रोका और उसके पास से 1.900 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की।उप नारकोटिक्स आयुक्त कोटा (राज.) नरेश बुन्देल ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति किसी अन्य मादक पदार्थ तस्कर को अवैध अफीम पहुँचाने वाला है। इस पर सीबीएन चित्तौड़गढ़ सेल के अधिकारियों की एक टीम गठित कर रवाना किया गया। संदिग्ध व्यक्ति की सफलतापूर्वक पहचान करने के बाद उस व्यक्ति को चित्तौड़गढ़-कपासन रोड, चित्तौड़गढ़ स्थित 9 मील चैराहा पर रोका गया। इस दौरान, उक्त व्यक्ति ने अंधेरे का फायदा उठाकर भागने की कोशिश की, लेकिन सीबीएन अधिकारियों की सतर्क टीम ने उसे सफलतापूर्वक दबोच लिया। तलाशी के दौरान कपड़े के थैले में रखी 1.900 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद हुई।

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल सांभर लेक, जिला-जयपुर**

क्रमांक / न.पा.सां. / निर्माण / 2025-26 / 930 दिनांकः- 25.07.2025

**ई-बोली सूचना (07/2025-26)**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में नगर पालिका सांभरलेक में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदको एवं विभिन्न अभियान्त्रिकी विभाग के संबंधित श्रेणी ''A''AA'' श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं स्वायत्त शासन विभाग में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदको से, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, उनके निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन-लाईन बोली आमंत्रित की जाती है, बोली फार्म एवं ई-बोली से सम्बन्धित विवरण व शर्तें वेब साईट www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB Code:-DLB2526WSOB08242, DLB2526WSOB08243

राज.संवाद / सी / 25 / 6996 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

# जिला कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक: हरियालो राजस्थान, सड़कों और जर्जर भवनों पर रहा विशेष ध्यान

बढ़ता राजस्थान




कोटपूतली।(बिल्लूराम सैनी) जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें हरियालो राजस्थान अभियान, सड़कों की स्थिति, जर्जर भवनों की रिपोर्ट और संपर्क पोर्टल पर प्राप्त जन-शिकायतों पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने अधिकारियों को इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर सख्त निर्देश दिए और लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

**जर्जर भवनों और सड़कों पर सख्त निर्देश**

जिला कलेक्टर ने सभी सरकारी और निजी भवनों, विशेषकर विद्यालयों और आंगनवाड़ियों की श्रेणीवार रिपोर्ट तैयार कर तुरंत आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्य प्राथमिकता पर होना चाहिए ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। अधिक खराब स्थिति वाले भवनों से बच्चों और आमजन को अन्य सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने और मरम्मत योग्य भवनों में तुरंत कार्य कराने को कहा गया।सड़कों की स्थिति को लेकर उन्होंने एनएचएआई, आरएसआरडीसी और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को सड़कों की मरम्मत और रखरखाव के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए। खराब और उखड़ी हुई सड़कों को तुरंत मोटरेबल बनाने, गड्ढों और जलभराव वाले स्थानों का स्थायी समाधान करने और फोटो के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए संवेदनशीलता से काम करने और महज औपचारिकता न बरतने पर जोर दिया।

**संपर्क पोर्टल और अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं पर चर्चा**

बैठक में संपर्क पोर्टल, सीएमओ और जनसुनवाई से प्राप्त लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने, औसत निपटान समय (एवरेज डिस्पोजल टाइम) में कमी लाने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि समाधान केवल औपचारिक न हो बल्कि शिकायतकर्ता को संतुष्टि मिले।

उन्होंने हरियालो राजस्थान अभियान की प्रगति को पोर्टल पर अपडेट करने सहित सरकार की प्रमुख योजनाओं पर भी विभागवार चर्चा की। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे योजनाओं का लाभ नियमानुसार प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाएं।इसके अतिरिक्त, ड्रोन दीदी, बैंक सखी, सोलर सखी, कृषि सखी और पशु सखियों की नियुक्ति करने और उनकी उपयोगिता आमजन तक पहुंचाने संबंधी कार्यवाही करने को भी कहा गया।

**मानसून की तैयारी और बिजली-पेयजल आपूर्ति**

मानसून के मद्देनजर, संबंधित विभागों को बिजली और पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने और अपनी मशीनरी को सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए। नगर परिषद को जलभराव की समस्या से निपटने के लिए पुख्ता कार्रवाई करने के लिए कहा गया।बैठक में एडीएमओमप्रकाश सहारण,एसडीएम बृजेश चौधरी और नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली।बिल्लूराम सैनी )** सोमवार को कोटपूतली जिले में विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (ष्टरू।ह्र) डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस मौके पर डॉ. शेखावत ने हेपेटाइटिस के गंभीर प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस संक्रमण शरीर के लिए अत्यंत घातक हो सकता है, क्योंकि यह सीधे लिवर को प्रभावित करता है। यदि समय रहते इस पर ध्यान न दिया जाए, तो यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। सीएमएचओ ने बताया कि हेपेटाइटिस का संक्रमण दूषित भोजन, पानी या असुरक्षित आदतों के कारण फैल सकता है, जिससे लिवर कमजोर हो सकता है। गंभीर मामलों में यह लिवर फेलियर या कैंसर का कारण भी बन सकता है।

बच्चों को दी गई हेपेटाइटिस की जानकारी

इस दौरान, रीजनल चाइल्ड हेल्थ ऑफिसर (RCHO) डॉ. अरविंद अग्रवाल ने बच्चों को हेपेटाइटिस के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी और इसके लक्षणों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस के कारण लिवर का खराब होना, पीलिया, थकान, कमजोरी, पेट दर्द और भूख न लगना जैसे लक्षण सामने आ सकते हैं।इस जागरूकता रैली में डीएनओ रविकांत जांगिड़, गुरुदयाल, देशराज, सुशील सहित कई अन्य स्वास्थ्यकर्मी और लोग उपस्थित रहे।

## प्रवासी संघ राजस्थान की ऐतिहासिक पहल- विविध वर्गों को मिली अहम संगठनात्मक जिम्मेदारियां



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** प्रवासी राजस्थानियों को संगठित कर सामाजिक समरसता और जनसेवा को नई दिशा देने के लिए प्रवासी संघ राजस्थान ने एक भव्य नियुक्ति कार्यक्रम का आयोजन जयपुर के सर्किट हाउस में किया। इस कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय संयोजक तरुण राठी के मार्गदर्शन और प्रदेश संयोजक भीम सिंह कासनियां के नेतृत्व में विभिन्न जिलों व वर्गों से आए प्रतिनिधियों को अहम पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई।राजस्थान प्रवासी संघ के प्रदेश संयोजक भीम सिंह कासनियां ने बताया कि इस कार्यक्रम में सामाजिक, महिला, युवा, व्यापार और ट्रांसजेंडर जैसे विविध प्रकोष्ठों में नियुक्तियां की गईं। इनमें प्रमुख नियुक्ति यह कि श्योपत सिंह कायल को प्रवासी संघ राजस्थान का संरक्षक,हर्षवर्धन अग्रवाल को व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष,रोजी राजस्थानी को ट्रांसजेंडर प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष,विहान साकुनिया को युवा प्रदेश अध्यक्ष,अनिता वर्मा को महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव,काजल सैनी को प्रदेश मीडिया प्रभारी,सुनीता सैनी को महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष,अजय सिंह शेखावत को प्रदेश सलाहकार,आर.एल. डागा को जयपुर शहर जिलाध्यक्ष,हरिराम चौधरी को बीकानेर जिला अध्यक्ष,रश्मि भगवानानी को जयपुर महिला जिलाध्यक्ष और धर्मेन्द्र कुमार को सलाहकार समिति अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता काशी राम गोदारा (भाजपा राजस्थान) और सुष्मिता चैटर्जी (भाजपा पश्चिम बंगाल) ने संयुक्त रूप से की। कासनियां ने बताया कि प्रवासी संघ राजस्थान का उद्देश्य प्रवासी जनों को संगठित कर शिक्षा, चिकित्सा, स्वरोजगार व समाज सेवा के माध्यम से राज्य के विकास में भागीदारी सुनिश्चित करना है। यह पहल राज्य में महिला सशक्तिकरण, युवा नेतृत्व और समावेशिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक मजबूत कदम माना जा रहा है।

## परिचित युवक द्वारा एक युवती से किया दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बगरू थाना इलाके में परिचित युवक द्वारा एक युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि आरोपित परिचित परिजनों की गैरमौजूदगी में मिलने के लिए घर आया था और फिर जबरदस्ती करने का विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में पीड़ित युवती ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।पुलिस ने बताया कि बगरु की रहने वाली बीस वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि परिचित होने के कारण वह आरोपित को जानती है। उसका घर पर आना-जाना भी है। आरोप है कि 12 जुलाई को वह घर पर अकेली थी, उसके परिजन अपने काम से बाहर गए थे। आरोपित परिचित परिजनों की गैरमौजूदगी में घर आया। घर में अकेला पाकर जबरन अंदर घुसकर जबरदस्ती करने लगा।

## थानाधिकारी चन्द्र प्रकाश यादव की अभिनव पहल

### विद्यार्थियों को दी गई गुड टच-बैड टच व सुरक्षा जागरूकता की सीख, न्यू जागृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सुरक्षा सेमिनार का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा (नि.स)** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम काचरौदा में संचालित न्यू जागृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सामाजिक जागरूकता को लेकर सोमवार को सुरक्षा सेमिनार का आयोजन थानाधिकारी चन्द्र प्रकाश यादव के मुख्य आतिथ्य ओर शाला निदेशक दीपक शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित किया तत्पश्चात अतिथियों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के विद्यार्थियों को गुड टच-बैड टच, पोक्सो एक्ट, सड़क सुरक्षा नियमों तथा साइबर अपराधों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। थानाधिकारी चन्द्र प्रकाश यादव ने बच्चों को सरल व प्रभावी उदाहरणों के माध्यम से यह समझाया कि किस प्रकार सुरक्षित व्यवहार अपनाकर वे स्वयं को तथा अपने आसपास के वातावरण को सुरक्षित रख सकते हैं। थानाधिकारी ने बताया कि 90 प्रतिशत बच्चे अपने जानकार लोगो से ही शोषण का शिकार होते है, अत उनसे घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने राज कॉप सिटीजन ऐप के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की ओर उसकी उपयोगिता के बारे में बताते हुए कहा कि अगर कोई भी समस्या है तो हम इस ऐप के माध्यम से भी पुलिस की सहायता ले सकते है। उन्होंने विद्यार्थियों को सड़क पर यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और मोबाइल का सतर्कता से उपयोग करने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में जागरूकता के प्रति उत्साह देखा गया और उन्होंने यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों ने थानाधिकारी यादव की इस पहल की सराहना की और इसे बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए उपयोगी बताया। इस मौके पर शाला व्यवस्थापिका अन्तिमा अग्रवाल, संतोष चौधरी, पल्लवी आहूजा, सिमरन यादव, नेमीचंद, कमल वर्मा, पवन कुमार, बंशी जाट सहित कई प्रबुद्धजन एवं स्कूली विद्यार्थी मौजूद रहें।

# स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हेतु डॉ. पंकज यादव की अध्यक्षता में सेक्टर मीटिंग आयोजित

### गर्भवती महिलाओं की जांच, टीबी मरीजों को किट वितरण एवं हेपेटाइटिस टीकाकरण संपन्न

बढ़ता राजस्थान



खेतड़ी। स्वास्थ्य केंद्र सिहोड़ में चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. पंकज यादव के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण सेक्टर मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाना तथा आने वाले मरीजों को समय पर और प्रभावी उपचार प्रदान करना था।डॉ. यादव ने बैठक में उपस्थित समस्त स्वास्थ्य कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी उपस्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीजों को कोई असुविधा न हो। उन्होंने यह भी कहा कि सभी मरीजों को समय पर समुचित उपचार एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।बैठक के दौरान डॉ. यादव ने यह भी आदेशित किया कि प्रत्येक कर्मचारी अपने अधीनस्थ भवनों की स्थिति की जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराएं। विशेष रूप से जर्जर भवनों एवं उन भवनों की सूचना तुरंत दी जाए, जिनकी छतें बारिश में टपकती हैं, ताकि समस्याओं को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाकर शीघ्र समाधान कराया जा सके।इस अवसर पर प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं उपचार किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी रोगियों को निक्षय किट% वितरित की गई। वहीं विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर मरीजों को हेपेटाइटिस के टीके भी लगाए गए।इन सभी कार्यक्रमों की संपूर्ण जिम्मेदारी कंप्यूटर ऑपरेटर रामसिंह यादव को सौंपी गई थी। कार्यक्रम में लैब टेक्नीशियन आनंद, फार्मासिस्ट के. के. सैनी, नर्सिंग स्टाफ सावित्री, ईमरती, नरोत्तम, ममता, मंजू, संदीप समेत समस्त स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही। मीटिंग के दौरान भामाशाह राजेंद्र सिंह तंवर की पहल पर मोदी फर्नीचर जयपुर द्वारा चिकित्सालय को टेबल, आलमारी, कुर्सी व कम्प्यूटर भेंट किया गया,जिसको लेकर प्रभारी अधिकारी ने भामाशाह का आभार व्यक्त किया है।

## सम्पादकीय

# चीन और पाकिस्तान का पक्का इलाज करने के लिए सेना बना रही है रुद्र ब्रिगेड और भैरव बटालियन

हम आपको बता दें कि रुद्र ब्रिगेड मौजूदा दो इन्फैंट्री ब्रिगेड्स को रूपांतरित करके तैयार की जा रही हैं। इनका उद्देश्य एक ही संरचना में सभी युद्धक शाखाओं को एकीकृत करना है, ताकि सीमाई हालात में अतिरिक्त सैनिक तैनात करने की आवश्यकता न पड़े।भारतीय सेना अपनी युद्धक क्षमताओं को और अधिक सशक्त बनाने के लिए बड़े पैमाने पर पुनर्गठन कर रही है। हम आपको बता दें कि सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने घोषणा की है कि सेना नई 'रुद्र ब्रिगेड' और 'भैरव लाइट कमांडो बटालियन' का गठन कर रही है। देखा जाये तो यह कदम भारत-चीन और भारत-पाकिस्तान की सीमाओं पर तेजी से प्रतिक्रिया देने और भविष्य की युद्ध चुनौतियों का सामना करने की दिशा में एक बड़ा बदलाव है।हम आपको बता दें कि रुद्र ब्रिगेड मौजूदा दो इन्फैंट्री ब्रिगेड्स को रूपांतरित करके तैयार की जा रही हैं। इनका उद्देश्य एक ही संरचना में सभी युद्धक शाखाओं को एकीकृत करना है, ताकि सीमाई हालात में अतिरिक्त सैनिक तैनात करने की आवश्यकता नहीं पड़े। इसमें इन्फैंट्री, मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री, टैंक, आर्टिलरी, स्पेशल फोर्सेस, ड्रोन और लॉजिस्टिक सपोर्ट यूनिट्स शामिल होंगे। इन ब्रिगेड्स को एकीकृत कमांड स्ट्रक्चर के तहत रखा जाएगा, जिससे युद्ध के दौरान विभिन्न शाखाओं में बेहतर समन्वय हो सके। ब्रिगेड की संरचना ऑपरेशनल क्षेत्र और भूमिका के आधार पर अलग-अलग होगी।मैदानी इलाकों में मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री, टैंक रेजीमेंट और स्वचालित आर्टिलरी के साथ तेज़ गति वाले आक्रामक ऑपरेशन किये जा सकेंगे। वहीं पहाड़ी क्षेत्रों में इन्फैंट्री बटालियन और हाई-एल्टीट्यूड युद्ध के लिए सक्षम आर्टिलरी इकाइयां काम आयेंगी। हम आपको बता दें कि प्रत्येक रुद्र ब्रिगेड में ड्रोन आधारित निगरानी, एरिया सैचुरेशन वेपन और रियल-टाइम इंटेलिजेंस का समावेश होगा। इससे सीमाई परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देने की क्षमता बढ़ेगी। वहीं भैरव लाइट कमांडो बटालियन की बात करें तो आपको बता दें कि रुद्र ब्रिगेड्स के साथ-साथ सेना 'भैरव लाइट कमांडो बटालियन' भी बना रही है। ये पारंपरिक स्पेशल फोर्सेस की तरह गहरे रणनीतिक ऑपरेशन पर केंद्रित नहीं होंगी, बल्कि सीमाई क्षेत्रों में त्वरित आक्रमण, गतिशीलता और तेज़ प्रभाव पैदा करने के लिए तैनात की जाएंगी। ये बटालियन हल्की, चपल और छोटे पैमाने पर त्वरित ऑपरेशनों में विशेषज्ञ होंगी। ये बटालियन हमेशा तैयार रहेंगी ताकि सीमा पर दुश्मन को चौंका सकें।हम आपको बता दें कि भारतीय सेना की मौजूदा 250 सिंगल-आर्म ब्रिगेड्स (लगभग 3,000 सैनिकों वाली) को सभी युद्धक शाखाओं से लैस ब्रिगेड्स में बदला जा रहा है। ये नई संरचनाएं लॉजिस्टिक सपोर्ट के साथ आत्मनिर्भर होंगी। प्रारंभिक चरण में इन्हें सीमित संख्या में तैयार किया जा रहा है। यह अवधारणा सेना की पुरानी इंटीग्रेटेड बैटल ग्रुप योजना पर आधारित है।क्यों जरूरी हैं रुद्र ब्रिगेड और भैरव बटालियन? जहां तक यह सवाल है तो आपको बता दें कि भारत की सीमाएं चीन और पाकिस्तान जैसे दो मोर्चों पर सक्रिय खतरों से घिरी हुई हैं। भविष्य के युद्ध तेज गति और बहु-दिशात्मक हमलों की मांग करते हैं। इन नई इकाइयों से सेना तेज तैनाती (12-48 घंटे), बेहतर समन्वय और उन्नत अग्नि-शक्ति के साथ दुश्मन को जवाब दे सकेगी।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 29 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1014 बीजान्टिन-बुल्गारियाई युद्धों-बाइजेंटाइन के बलों ने बलपूर्वक साम्राज्यवादियों को बुल्गेरिया के युद्ध में क्लेडियन के युद्ध में वर्तमान के क्लीच, बुल्गारिया के पास पर्वतों की सेना पर हमला कर दिया।
- 1148 दमिश्क की घेराबंदी एक निर्णायक क्रूसेडर की हार में समाप्त हुई, जिससे दूसरा धर्मयुद्ध समाप्त हो गया।
- 1655 नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में विश्व का सबसे बड़ा टाउनहाल खुला।
- 1786 पहला अख़बार पश्चिम के एललेघनी, पिट्स गैजेट में प्रकाशित हुआ।
- 1836 पेरिस में आर्क डी ट्रायम्फ ने फ्रांसीसी क्रांतिकारी और नेपोलियन युद्धों में फ्रांस के लिए लड़ने और मरने वालों की स्मृति में औपचारिक रूप से उद्घाटन किया गया था।
- 1858 अमेरिका और जापान ने हैरिस संधि पर हस्ताक्षर किए।
- 1858 जापान ने अनिच्छा से एमिटी और वाणिज्य संधि पर हस्ताक्षर किए, संयुक्त राज्य अमेरिका को विभिन्न वाणिज्यिक और आनुपातिक विशेषाधिकार देने वाली संधि संधि।
- 1862 अमेरिकन सिविल वॉर-कॉन्फेडरेट जासूस बेले बॉयड को उसके प्रेमी द्वारा उसके बदले जाने के बाद यूनियन सैनिकों ने गिरफ्तार कर लिया था।
- 1899 न्यूयॉर्क में पहली मोटरसाइकिल रेस का आयोजन हुआ।
- 1899 पहले हेग कन्वेंशन, पहले औपचारिक बयानों के बीच अंतरराष्ट्रीय कानून में युद्ध और युद्ध अपराधों के कानूनों पर हस्ताक्षर किए गए थे।
- 1947 , दुनिया का पहला सामान्य-उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिकडिजिटल कंप्यूटर, एबरडीन प्रोविंग ग्राउंड्स में बैलिस्टिस्क खोज प्रयोगशाला में अपने नए घर में चालू किया गया था।
- 1949 ब्रिटिश ब्राडकॉस्टिंग कार्पोरेशन रेडियो पर प्रसारण शुरू हुआ।
- 1950 कोरियाई युद्ध-यू.एस. सेना की 7 वीं कैवेलरी रेजिमेंट की टुकड़ियों ने नागरिकों की गोलीबारी के दिनों का निष्कर्ष निकाला, इस आशंका से उकसाया कि क्रोमबर्ग के स्तंभों में उत्तर कोरियाई जासूस शामिल हो सकते हैं।
- 1950 कोरियाई युद्ध- अमेरिकी सेना की 7 वीं कैवेलरी रेजिमेंट की टुकड़ियों ने नागरिकों की गोलीबारी के दिनों का निष्कर्ष निकाला, आशंकाओं के बीच स्पार्क किया कि कॉरफ्यूज के स्तंभों में उत्तर कोरियाई जासूस शामिल हो सकते हैं।
- 1957 संयुक्त राष्ट्र ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) का गठन किया।
- 1958 अमेरिकी कांग्रेस ने अपनी अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) की स्थापना के लिए विधेयक पास किया।
- 1958 अमेरिकी राष्ट्रपति ड्वाइट . आइजनहावर ने नेशनल एरोनाटिक्स एंड स्पेस एक्ट कानून में हस्ताक्षर किए, एक नई संघीय गैर-सैन्य अंतरिक्ष एजेंसी की स्थापना की, जिसे नासा (लोगो चित्र) के रूप में जाना जाता है।
- 1967 वियतनाम युद्ध के दौरान, टोंकिन की खाड़ी में एक और हड़ताल की तैयारी के दौरान, विमानवाहक पोत यूएसएस फॉरेस्टल को इसके डेक डेक पर एक असामान्य विद्युत विसंगति की वजह से कई तरह के रिएक्शन विस्फोट हुए।

विशेष आलेख

# मतदाता सूची मामले में देश को गुमराह कर रहा विपक्ष

**बिहार ही नहीं देशभर में फर्जी और अयोग्य मतदाताओं को हटाने के मांग राजनीतिक दल समय समय पर उठाते रहे हैं। बिहार के सीमांचल के इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला वर्षों से सामने आ रहा है। पिछले 30 वर्षों में पूरे सीमांचल का समीकरण बदल गया है। किशनगंज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया में अल्पसंख्यकों की आबादी 40 फीसदी से 70 फीसदी तक हो चुकी है। यही कारण है कि वर्षों से इस इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों की रोक की मांग उठती रही है। कई इलाकों से हिंदुओं के पलायन की भी खबर उठी थी।**



डॉ. आशीष वशिष्ठ

बिहार में चुनाव आयोग द्वारा चलाया गया विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर पूरा हो चुका है। बिहार विधानसभा से लेकर संसद तक एसआईआर का विरोध जारी है। हालांकि विपक्ष के तीखे विरोध के बीच चुनाव आयोग ने यह स्पष्ट कर दिया है कि एसआईआर बिहार तक ही सीमित नहीं रहेगा। अगले साल पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और असम राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। सिर्फ असम में भाजपा सरकार है। शेष राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें हैं। वे अभी से चौकन्नी हो गई हैं और एसआईआर को एक राष्ट्रीय मुद्दा बना देना चाहती हैं।

वास्तव में विपक्ष रणनीति के तहत एसआईआर पर देशवासियों को गुमराह कर रहा है। सड़क से संसद तक वो एसआईआर का विरोध कर रहा है, और चुनाव आयोग पर अमर्यादित बयानबाजी से लेकर आरोप तक लगा रहा है। जबकि तस्वीर का दूसरा पक्ष यह है कि बिहार में एसआईआर का विरोध कर रही पार्टियों ने भी अपने बूथ लेवल एजेंट यानी बीएलए को बढ़-चढ़कर काम में लगाया था। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 23 जून को एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के पहले कांग्रेस ने केवल 8586 बीएलए लगाए थे। लेकिन 25 जुलाई को प्रक्रिया समापन के वक्त कांग्रेस के 17549 बीएलए नियुक्त रहे। कांग्रेस ने एसआईआर प्रक्रिया का विरोध करने के बावजूद इसके लिए 105 फीसदी बीएलए बढ़ाए। भाजपा के 53338 बीएलए प्रकिया का हिस्सा बने। राष्ट्रीय जनता दल के 47506 बीएलए प्रक्रिया में शामिल हुए। जनता दल यूनाइटेड के 36550 बीएलए शामिल हुए। लेफ्ट पार्टियों ने एसआईआर प्रक्रिया की शुरुआत में दिलचस्पी नहीं दिखाई लेकिन आखिर तक इन पार्टियों ने भी बीएलए की संख्या बढ़ाई। बिहार में 12 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के कुल 1 लाख 60 हजार 813 बीएलए गहन मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया का हिस्सा बने। किसी तरह की अनियमितता होने पर विपक्षी दलों के कार्यकर्ता तुरंत अपना विरोध कर सकते हैं, लेकिन अब तक एक भी ऐसा मामला सामने नहीं आया है जहां विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं ने इसकी शिकायत की हो। केवल विपक्ष के नेता ही इस तरह की बात कर सनसनी पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। विपक्ष का असली चेहरा और चरित्र यही है। वो एक और देशवासियों को गुमराह करने और संवैधानिक संस्थाओं की साख को धूमिल करने का कुकृत्य करता है, तो वहीं दूसरी और कानून प्रक्रियाओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा भी लेता है।

बिहार ही नहीं देशभर में फर्जी और अयोग्य मतदाताओं को हटाने के मांग राजनीतिक दल समय समय पर उठाते रहे हैं। बिहार के सीमांचल के इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला वर्षों से सामने आ रहा है। पिछले 30 वर्षों में पूरे सीमांचल का समीकरण बदल गया है। किशनगंज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया में अल्पसंख्यकों की आबादी 40 फीसदी से 70 फीसदी तक हो चुकी है। यही कारण है कि वर्षों से इस इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों की रोक की मांग उठती रही है। कई इलाकों से हिंदुओं के पलायन की भी खबर उठी थी। केंद्र सरकार ने जब पूरे देश में एनआरसी लागू करने की बात कही थी तो बिहार में इस इलाके से भी विरोध के सुर उठे थे।

चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, बिहार के 99.8 फीसदी यानी 7.23 करोड़ मतदाता इस रिवीजन प्रक्रिया में कवर हो चुके हैं। दावा किया जा रहा है कि पुनरीक्षण में बिहार में कम से कम 61 लाख मतदाताओं के नाम कट सकते हैं। इसमें 21.6 लाख मतदाताओं का निधन हो चुका है। 31.5 लाख मतदाता स्थाई तौर पर दूसरे स्थानों-शहरों में बस गए हैं। हैं। लगभग सात लाख मतदाताओं के नाम दो स्थानों की मतदाता सूची में दर्ज हैं।बिहार में विधानसभा की 243 सीटें हैं। विधानसभाओं में कुछ सौ मतदाताओं का अंतर ही जीत-हार पर असर डाल देता है। साल 2020 के विधानसभा चुनावों में करीब बीस प्रतिशत सीटों पर जीत और हार का अंतर महज ढाई फीसद तक ही था। इनमें से 17 सीटों पर जीत तो एक प्रतिशत के कम वोट से ही हुई थी। अगर गहन पुनरीक्षण में इन मतदातओं के नाम नहीं काटे गए तो उनके नाम पर चुनावी नतीजों को बदला जा सकता है।राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव चुनाव बहिष्कार की धमकी दे रहे हैं। हालांकि देश की राजनीति के लिए यह कोई पहली बार नहीं है जब किसी राजनीतिक दल ने चुनाव बहिष्कार की धमकी दी हो। इससे पहले भी जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर के राज्यों में अनेक बार कुछ राजनीतिक दलों और अतिवादी संगठनों ने चुनाव के बहिष्कार की धमकी दी। आपातकाल के बाद भी प्रमुख विपक्षी दलों ने चुनाव के बहिष्कार करने की बात की थी। हालांकि इसके बावजूद वहां चुनाव हुए और उन सभी लोगों ने चुनाव में हिस्सा भी लिया और जीत हासिल की।लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर का मुद्दा अपनी स्टाइल में उठा रहे हैं। वो केंद्र की बीजेपी सरकार पर %वोटों की चोरी% का आरोप लगा रहे हैं। वोटिंग में गड़बड़ी का इल्जाम तो राहुल गांधी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद से ही लगाने लगे थे, लेकिन अब ज्यादा जोरदार तरीके से उसे उठा रहे हैं। राहुल गांधी महाराष्ट्र और कर्नाटक में वोटिंग में गड़बड़ी के आरोप लगा रहे हैं, लेकिन बाकी चुनावों के मामले चुप्पी साध लेते हैं।

राहुल गांधी पिछले कई दिनों से चुनाव आयोग पर तल्ख, अमर्यादित और अनर्गल टिप्पणियां कर रहे हैं। आयोग पर भाजपा से मिलीभगत का आरोप लगा रहे हैं।

# आस्था से आगे: नाग पंचमी का वैज्ञानिक और मानवीय पक्ष



आर.के.जैन

**नाग पंचमी का महत्व भारतीय संस्कृति के प्राचीन ग्रंथों, पुराणों और शास्त्रों में गहराई से समाया हुआ है। स्कंद पुराण, भविष्य पुराण और नारद पुराण जैसे ग्रंथों में इस पर्व का उल्लेख मिलता है, जहां नागों को प्रकृति की रक्षा करने वाली शक्ति और धरती की उर्वरता का प्रतीक माना गया है। भारत में नागों को केवल एक सर्प नहीं, बल्कि दैवीय शक्ति का प्रतीक माना जाता है। भगवान शिव के गले में लिपटे वासुकि नाग और भगवान विष्णु के शेषनाग पर शयन करने की कथाएँ इस बात का प्रमाण हैं कि भारतीय संस्कृति में नागों को ईश्वरीय और आध्यात्मिक महत्व प्राप्त है। यह विश्वास कि नागदेवता का आशीर्वाद सुख-समृद्धि, रोगमुक्ति और संतान सुख प्रदान करता है, इस पर्व को और भी विशेष बनाता है।**

भारत की पावन भूमि, जहां संस्कृति और आध्यात्मिकता का अनूठा संगम हर पर्व में जीवंत हो उठता है, वहां नाग पंचमी का पर्व एक ऐसी मणि है जो प्रकृति, परंपरा और मानवता के बीच गहरा तालमेल बिठाती है। यह पर्व, जो श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है, केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति सम्मान, जैविक संतुलन और सह-अस्तित्व की भावना का जीवंत प्रतीक है। जब सावन की हरियाली धरती को नया जीवन देती है, तब नाग पंचमी का यह उत्सव हमें याद दिलाता है कि हमारी संस्कृति में हर जीव, चाहे वह सर्प हो या कोई अन्य प्राणी, इस सृष्टि की विशाल श्रृंखला का अभिन्न अंग है। यह पर्व न केवल हमारे धार्मिक विश्वासों को दर्शाता है, बल्कि सामाजिक एकता, पर्यावरण संरक्षण और नैतिक मूल्यों को भी जीवंत करता है।

नाग पंचमी का महत्व भारतीय संस्कृति के प्राचीन ग्रंथों, पुराणों और शास्त्रों में गहराई से समाया हुआ है। स्कंद पुराण, भविष्य पुराण और नारद पुराण जैसे ग्रंथों में इस पर्व का उल्लेख मिलता है, जहां नागों को प्रकृति की रक्षा करने वाली शक्ति और धरती की उर्वरता का प्रतीक माना गया है। भारत में नागों को केवल एक सर्प नहीं, बल्कि दैवीय शक्ति का प्रतीक माना जाता है। भगवान शिव के गले में लिपटे वासुकि नाग और भगवान विष्णु के शेषनाग पर शयन करने की कथाएँ इस बात का प्रमाण हैं कि भारतीय संस्कृति में नागों को ईश्वरीय और आध्यात्मिक महत्व प्राप्त है। यह विश्वास कि नागदेवता का आशीर्वाद सुख-समृद्धि, रोगमुक्ति और संतान सुख प्रदान करता है, इस पर्व को और भी विशेष बनाता है।

नाग पंचमी की परंपराएँ भारतीय समाज की गहरी संवेदनशीलता और प्रकृति के प्रति आदर को दर्शाती हैं। इस दिन लोग अपने घरों के मुख्य द्वार, दीवारों या पूजा स्थलों पर गेरुए से नाग की आकृति बनाते हैं। मिट्टी, गोबर या धातु से बनी नाग प्रतिमाओं की पूजा दूध, लड्डू, फूल, हल्दी और कुमकुम से की जाती है। कुछ क्षेत्रों में जीवित सर्पों को भी दूध चढ़ाने की प्रथा है, हालांकि आधुनिक समय में यह प्रथा विवादास्पद रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, सर्प दूध नहीं पीते, और यह प्रथा उनके लिए हानिकारक हो सकती है। फिर भी, इस प्रथा के पीछे की भावना प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति सम्मान और संरक्षण की है। ग्रामीण भारत में, जहां खेती और भूमि से गहरा नाता है, नागों को धरती की उर्वरता और जल संरक्षण का प्रतीक माना जाता है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के अनुसार, सर्प खेतों में चूहों जैसे कीटों को नियंत्रित कर फसलों की रक्षा करते हैं, जिससे प्रत्यक्ष रूप से 20-30त्न तक फसल नुकसान को कम करने में मदद मिलती है। इस प्रकार, नाग पंचमी का पर्व न केवल धार्मिक, बल्कि वैज्ञानिक और पर्यावरणीय महत्व भी रखता है।

महाभारत में वर्णित एक कथा इस पर्व की ऐतिहासिक और धार्मिक पृष्ठभूमि को और गहराई देती है। कहा जाता है कि महर्षि जनमेजय ने अपने पिता परीक्षित की मृत्यु का बदला लेने के

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान

लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एक भारतीय राष्ट्रवादी शिक्षक, वकील और स्वतंत्रता सेनानी हैं। 23 जुलाई को तिलक का जन्म हुआ था। उन्होंने सबसे पहले ब्रिटिश राज के दौरान पूर्ण स्वराज की मांग उठाई थीं। इसी वजह से बाल गंगाधर तिलक को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का जनक कहा जाता है।

आज ही के दिन यानी की 23 जुलाई को लोकमान्य बाल गंगाधर का जन्म हुआ था। वह एक भारतीय राष्ट्रवादी शिक्षक, वकील और स्वतंत्रता सेनानी हैं। उनके नाम के आगे %लोकमान्य% लगाया जाता है। यह ख्याति बाल गंगाधर तिलक ने अर्जित की है। उन्होंने सबसे पहले ब्रिटिश राज के दौरान पूर्ण स्वराज की मांग उठाई थीं। इसी वजह से बाल गंगाधर तिलक को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का जनक कहा जाता है। वैसे तो उनका पूरा जीवन ही आदर्श है, भारत के स्वर्णिम इतिहास का प्रतीक है। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर बाल गंगाधर तिलक के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

महाराष्ट्र के रत्नागिरी में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक का जन्म 23 जुलाई 1856 को हुआ था। इनके पिता का नाम गंगाधर रामचंद्र तिलक था। वह संस्कृत के विद्वान और प्रख्यात शिक्षक थे। उनकी मां का नाम पार्वती बाई गंगाधर था। साल 1871 में तिलक का विवाह तपिबाई से हुआ था। जिनका नाम शादी के बाद सत्यभामा हो गया। उन्होंने पुणे के एंग्लो वर्नाकुलर स्कूल से अपनी पढ़ाई पूरी की। वहीं 16 साल की उम्र में माता और फिर पिता के निधन के बाद उन्होंने अपने संघर्षपूर्ण करियर की शुरुआत कर दी। तिलक ने मुंबई के सरकारी लॉ कॉलेज से एलएलबी किया।

अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद तिलक पुणे के एक निजी स्कूल में अंग्रेजी और गणित के शिक्षक बन गए। लेकिन स्कूल के अन्य शिक्षकों से मतभेद के बाद 1880 में उन्होंने पढ़ाना छोड़ दिया था। क्योंकि वह अंग्रेजी



बाल गंगाधर तिलक

शिक्षा प्रणाली के आलोचक थे। तिलक स्कूलों में ब्रिटिश छात्रों की तुलना में भारतीय छात्र के साथ होने वाले दोगले व्यवहार का विरोध करते थे। वहीं उन्होंने समाज में व्याप्त छुआछूत के खिलाफ भी आवाज उठाई थी।बाद में बाल गंगाधर तिलक ने दक्खन शिक्षा सोसायटी की स्थापना की। इसका उद्देश्य भारत में शिक्षा के स्तर को सुधारना था। इसके साथ ही उन्होंने मराठी भाषा में मराठा दर्पण और केसरी नाम से दो अखबार भी शुरू किए। जोकि उस दौर में काफी ज्यादा लोकप्रिय हुए थे।

## संस्मरण

# ऐसे हुई थी प्रथम विश्व युद्ध की शुरूआत

आप सभी ने फर्स्ट वर्ल्ड वॉर के बारे में काफी कुछ पढ़ा होगा। वैसे तो साल 1914 से 1918 तक लड़ा गया था। यह युद्ध एशिया, यूरोप और अफ्रीका तीन महाद्वीपों के आकाश, समुद्र और धरती में लड़ा गया था।



आप सभी ने फर्स्ट वर्ल्ड वॉर के बारे में काफी कुछ पढ़ा होगा। वैसे तो साल 1914 से 1918 तक लड़ा गया था। यह युद्ध एशिया, यूरोप और अफ्रीका तीन महाद्वीपों के आकाश, समुद्र और धरती में लड़ा गया था। लेकिन इसको मुख्य रूप से इसको यूरोप का महायुद्ध कहा जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आखिर इस लड़ाई को %विश्व युद्ध% क्यों कहा जाता है और दुनिया पर इसका क्या प्रभाव पड़ा था।प्रथम विश्व युद्ध की वजह से करीब आधी दुनिया हिंसा के चपेट में आ गया था। इस दौरान करीब 1 करोड़ लोगों की मौत हुई थी। वहीं 2 करोड़ से अधिक लोग इस युद्ध में घायल हो गया था। साथ ही कुपोषण और बीमारियों जैसी घटनाओं से भी लाखों लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। प्रथम विश्व युद्ध के खत्म होते-होते दुनिया के चार बड़े साम्राज्यों जर्मनी, रूस, उस्मानिया और ऑस्ट्रिया-हंगरी का विनाश हो गया था। इसके बाद यूरोप की सीमाएं फिर से निर्धारित हुई और महाशक्ति के रूप में अमेरिका दुनिया के सामने उभरा था।बता दें कि प्रथम विश्व युद्ध के लिए किसी भी एक घटना को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। प्रथम विश्व युद्ध को 1914 तक हुई तमाम घटनाओं और कारणों की वजह माना जा सकता है। लेकिन फिर भी इस युद्ध का तत्कालीक कारण यूरोप के सबसे विशाल ऑस्ट्रिया-हंगरी साम्राज्य के उत्तराधिकारी आर्चड्यूक फर्डिनेंड और उनकी पत्नी की हत्या को माना जाता है। 28 जून 1914 को उनकी हत्या हुई थी, जिसका आरोप सर्बिया पर लगाया गया था। इस घटना के 1 महीने बाद 28 जुलाई 1914 को सर्बिया पर ऑस्ट्रिया ने हमला कर दिया। फिर इस युद्ध में विभिन्न देश शामिल होते गए और इसने विश्व युद्ध का रूप ले लिया।हालांकि 11 नवंबर 1918 को जर्मनी के ऑफिशियल रूप से सरेंडर करने के बाद युद्ध समाप्त हो गया। इसी वजह से 11 नवंबर को प्रथम विश्व का आखिरी दिन कहा जाता है। वहीं 28 जून 1919 को जर्मनी ने वर्साय की संधि, जिसको शांति समझौत भी कहा जाता है, इस पर हस्ताक्षर किए गए। वहीं इस कारण जर्मनी को अपनी भूमि का एक बड़ा हिस्सा गंवाना पड़ा। साथ ही सेना का आकार सीमित कर दिया गया और उस पर दूसरे राज्य पर कब्जा करने की पाबंदी लगा दी गई।ऐसा माना जाता है कि वर्साय की संधि को जर्मनी पर जबरदस्ती थोपा गया।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको किसी कानूनी मामले में भी जीत मिलेगी, इसलिए आप किसी बहसबाजी में ना पड़ें। यदि आपका धन व्यापार में कहीं फंसा हुआ था, तो उसके भी आपको मिलने की संभावना है।

### वृष
आज का दिन आपके लिए धनधान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आप कोई निर्णय जल्दबाजी मे लेंगे, तो उसके लिए आपको बाद में पछतावा होगा।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। किसी नए मेहमान का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

### कर्क
आपको हर काम में सावधान रहने की जरूरत है. किसी दूसरे व्यक्ति की वजह से आपके काम में जरूरत से ज्यादा समय लग सकता है. कुछ आदतों में सुधार लाने से आपका दिन बेहतर हो सकता है. जीवनसाथी के साथ आपको प्यार से बात करनी चाहिए।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। पार्टनरशिप में कोई डील फाइनल होने से आपको धोखा मिल सकता है। विद्यार्थी शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आप अपने पिताजी से पैतृक बिजनेस को लेकर सलाह ले सकते हैं।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप अपने कामों में पूरी मेहनत से जुटेंगे, लेकिन आपका ध्यान फिर भी दूसरी जगह लगेगा। आपको अपने खर्चों पर भी थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

### तुला
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। जीवनसाथी से यदि आप कोई बात गुप्त रखे, तो वह उनके सामने उजागर हो सकती है।

### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए तरक्की के नए-नए मार्ग खोलेगा। आप किसी की बातों में आकर कोई निवेश संबंधित फैसला न लें। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है, क्योंकि साथी के साथ उनकी बॉन्डिंग अच्छी रहेगी।

### धनु
आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपके कुछ नए शत्रु उत्पन्न हो सकते हैं। आपको काम के सिलसिले में किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। राजनीति में कार्यरत लोगों की कुछ नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी।

### मकर
आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। आपका कोई काम समय से पूर्ण न होने के कारण आपके मन में निराशा बनी रहेगी। परिवार में भी लड़ाई झगड़े की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

### कुंभ
कुंभ राशि के लोगों को लाभ होगा और बेहतर होगा कि आप किसी रिश्ते या कार्य में अनावश्यक शक से बचें। यह समय और धन दोनों का नुकसान करवा सकता है। नियोजित योजनाएं सफल होंगी।

### मीन
आज कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को उनकी मेहनत का फल मिलेगा, जिससे वह अच्छा लाभ कमाएंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी।

# ग्लोबल वार्मिंग की समस्या को देखते हुए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने होंगे : डॉ. हरीश मीणा

## हरियालो राजस्थान के तहत थांवला में सघन वृक्षारोपण आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**टोंक,( का.स. )।** विश्व में ग्लोबल वार्मिंग, ऑक्सीजन की कमी, असामान्य मौसम एवं जलवायु परिवर्तन को देखते हुए आमजन समेत अधिकारी एवं कर्मचारी पेड़-पौधे लगाने के लिए आगे आ रहे हैं। इसी के तहत हरियालों राजस्थान एवं पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा के निर्देश पर पशु चिकित्सालय थांवला में प्रभारी डॉ. हरीश मीणा के नेतृत्व में पशुपालकों के द्वार पर सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पशु चिकित्सालय थांवला के प्रभारी डॉ. हरीश मीणा ने अमरूद, जामुन, नीम, गुलमोहर, शीशम, आम, बरगद, पीपल एवं ईमली समेत अन्य विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग की समस्या को दूर करने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने होंगे। उन्होंने कहा कि मानव जीवन को बचाने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने होंगे। चिकित्सालय प्रभारी मीणा ने पशुपालकों को लगाए गए पेड़-पौधों में प्रतिदिन पानी देने के लिए कहा। इस अवसर पर प्रभारी डॉ. मीणा ने पशुपालकों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि धरती को बचाने के लिए हमें पेड़-पौधे लगाना बहुत आवश्यक है। हरियालों राजस्थान एवं वर्षा काल में जो पेड़-पौधे लगाएंगे, वह निश्चित रूप से बड़े होंगे। उन्हें पानी देने की आवश्यकता नहीं होगी। बारिश में पेड़-पौधे अपने आप पुष्पित और पल्लवित होंगे। प्रभारी मीणा ने कहा कि वृक्षों के बिना मानव पृथ्वी पर अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकता है। पर्यावरण का असंतुलन, ग्लेशियरों का पिघलना, ग्लोबल वार्मिंग, ऑक्सीजन की कमी, असामान्य मौसम, भूस्खलन, बाढ़ एवं भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए मनुष्य को अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे तभी धरती पर मानव जीवन सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण का उद्देश्य संपूर्ण ग्राम को हरा भरा रखना है। लगाए गए पेड़-पौधे ग्राम के पशु-पक्षियों एवं पशुपालकों के लिए लाभदायक साबित होंगे। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों को पानी देने के लिए आप पशुपालकों एवं ग्रामीणों को अपने दायित्व के प्रति सजग रहना होगा। मीणा ने बताया कि सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर पशुधन निरीक्षक राजेंद्र कुमार, प्रगतिशील पशुपालक प्रभु लाल मीणा, भंवरलाल मीणा, कल्याण सिंह राणावत, नोरत बलाई, शिवराज मीणा एवं राकेश मीणा समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# मन की बात कार्यक्रम लोगों के लिए एक प्रेरणा : विधायक रामसहाय वर्मा

## शहर सहित गांवों में लोगों ने सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात,

## हरियालों राजस्थान अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का पौधारोपण करके किया शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 124 वें एपिसोड को विधायक रामसहाय वर्मा व नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के सानिध्य में शहर मंडल निवाई सहित डांगरथल, नटवाडा व अरनिया मंडल के पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों व शहरवासियों ने सभी बूथों पर गंभीरता से सुना। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को देशभर के नागरिकों ने सुना एवं केन्द्र व राज्य सरकार की प्रेरणादायी योजनाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सरकार के कार्यों के माध्यम से मन की बात कार्यक्रम लोगों के लिए एक प्रेरणा एवं सशक्त माध्यम बन गया है। जो पूरे देश को एक सूत्र में बांधकर राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित कर रहा है। इस दौरान शहर मंडल निवाई में पालिकाध्यक्ष इसरानी व मंडल अध्यक्ष नितिन छाबडा के सानिध्य में मंडल के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों सहित शहरवासियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इसी



प्रकार ग्राम पंचायत सुनारा में डांगरथल मंडल अध्यक्ष केदार चैधरी, नटवाडा मंडल अध्यक्ष बद्री विजय व अरनिया मंडल अध्यक्ष शिवराज गुर्जर के सानिध्य में पदाधिकारियों व जन प्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने सभी बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को गंभीरता पूर्वक से सुना एवं लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजनाओं की जानकारियां दी। इस दौरान इंद्रा कॉलोनी में नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी व शहर अध्यक्ष नितिन जैन छाबडा, महामंत्री वंशप्रदीप पारीक, रामविलास बलाई, संजय वर्मा व जितेंद्र धारवाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत सुनारा के गांव लोदेडा में हरियालों राजस्थान अभियान के तहत भाजपा डांगरथल के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा के सानिध्य में नर्सरी में पेड़ पौधे लगाकर किया। इस दौरान डांगरथल भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष केदार चैधरी, उपखंड अधिकारी रामकरण सिंह बिजारणिया, विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव, नायब तहसीलदार, सुनारा प्रशासक भगवती देवी शर्मा, पूर्व प्रधान व जिला उपाध्यक्ष ममता जाट व मंडल उपाध्यक्ष मंजू देवी बलाई सहित मंडल के उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री व कोषाध्यक्ष सहित कई कार्यकर्ता व ग्रामीण लोग मौजूद थे।

# जिला प्रशासन ने आमजन से बांधों, नदी-नालों, तालाबों एवं एनिकटों से दूर रहने की अपील

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** जिला प्रशासन ने टोंक जिले के आमजन से जिले में लगातार हो रही भारी बारिश को देखते हुए सतर्कता बरतने की अपील की है। जिले में 28 जुलाई तक वार्षिक औसत वर्षा 654.94 एमएम के मुकाबले में 673.62 एमएम बारिश हो चुकी है, जो कि 102.85 प्रतिशत है। साथ ही, जिले में लगभग सभी छोटे-बड़े बांध शत प्रतिशत भर चुके है। बीसलपुर बांध में भी लगातार पानी आवक होने एवं 6 गेटो के खोले जाने से बनास नदी में पानी का बहाव बहुत तेज है। इस परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन ने बनास नदी के बहाव क्षेत्र एवं अन्य नदी-नालों, तालाबों, छोटे-बड़े बांधों एवं एनिकटों से नागरिकों, मछुआरों, पशुपालकों तथा पर्यटकों को दूर रहने की अपील की है। साथ ही, सुरक्षात्मक उपाय के लिए आमजन जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष कलेक्ट्रेट टोंक के दूरभाष नंबर 01432-245035 एवं टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क कर सकते है।

# बाल विवाह रोकने की दिलाई शपथ, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों को किया जागरूक

**निवाई ( का.स. )।** ग्राम पंचायत चैनपुरा के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में ग्राम पंचायत एवं सीकोईडिकोन संस्था के तत्वावधान में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को बाल विवाह जैसी कुप्रथा के सामाजिक, शैक्षिक और स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति का विधिवत गठन किया गया। समिति अध्यक्ष पद पर ग्राम पंचायत प्रशासक को नामित किया गया। इस समिति में विभिन्न विभागों और समुदाय के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। ताकि बाल संरक्षण से जुड़े प्रयासों को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा सके। गठित समिति में शामिल प्रशासक मदनलाल मीणा, विकास अधिकारी जितेंद्र, सिकोईडिकोन प्रतिनिधि किरण शर्मा, एलडीसी अनोखी मीणा, शिक्षक सुरेश शर्मा, शिक्षिका अंकिता मीणा, एएनएम सोनू स्वामी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पिंकी बैरवा एवं बीना बैरवा, विद्यार्थी प्रतिनिधि अभिषेक शर्मा एवं चंचल शर्मा को शामिल किया है। प्रशासक मीणा ने बाल विवाह की सामाजिक हानियों और इसके दुष्परिणामों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों एवं आम नागरिकों को सिकोईडिकोन संख्या प्रतिनिधि किरण शर्मा ने बाल विवाह न करने और नहीं होने देने की सामूहिक शपथ दिलाई गई।

# राजस्थान में आंगनबाड़ी बहनों को रक्षाबंधन पर बड़ी सौगात

## मिलेंगे 501 रुपए, 2 दिन बस में नि :शुल्क सफर

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** रक्षाबंधन के अवसर पर राज्य सरकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को विशेष सौगात देने जा रही है। प्रदेश की करीब 1.25 लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को 501 रुपए की राशि उनके खातों में राखी से पूर्व भेजी जाएगी। साथ ही वे दो दिन तक राजस्थान रोडवेज में निशुल्क यात्रा भी कर सकेंगी। इससे पहले 5 अगस्त को 'आंगनबाड़ी बहन सम्मान दिवस' मनाया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से यह कार्यक्रम 'सुरक्षा-सम्मान पर्व' के तहत बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर में राज्य स्तरीय स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

### एक-एक छाता भी भेंट करेंगे

इस दिन सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को एक-एक छाता भी भेंट किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके साथ ही जिला स्तर पर भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### सभी कलेक्टर्स को निर्देश जारी

विभाग ने इसके लिए सभी जिला कलेक्टर्स को निर्देश जारी कर दिए हैं। जिला स्तरीय कार्यक्रमों में लगभग 600 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं भाग लेंगी और वहां राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा।

# आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में गंगापुर सिटी का बेहतरीन प्रदर्शन

## नीति आयोग के सम्पूर्णता अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन, के लिए सवाई माधोपुर जिले को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** राज्य सरकार एवं नीति आयोग द्वारा संचालित सम्पूर्णता अभियान के अंतर्गत राजस्थान के आकांक्षी ब्लॉकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सवाई माधोपुर जिले के गंगापुर सिटी ब्लॉक को राज्य स्तरीय समारोह में रजत पदक एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजधानी जयपुर स्थित भगवत सिंह मेहता सभागार में आयोजित समारोह में उप जिला कलक्टर बृजेंद्र मीणा को यह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव राजस्थान सुधांश पंत, नीति आयोग के अतिरिक्त सचिव रोहित कुमार एवं राजस्थान सरकार के आयोजना विभाग में प्रमुख शासन सचिव भवानी सिंह देथा भी उपस्थित रहे।

### गंगापुर सिटी की सफलता : प्रतिबद्धता, टीमवर्क और नवाचार का परिणाम

गंगापुर सिटी ब्लॉक द्वारा प्राप्त यह उपलब्धि जिला प्रशासन, विकास विभागों, फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के समन्वित प्रयासों का प्रतिफल है। ब्लॉक स्तर पर योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग, लाभार्थी केंद्रित दृष्टिकोण और डेटा-आधारित रणनीतियों के माध्यम से उल्लेखनीय प्रगति सुनिश्चित की गई।

# प्रभारी सचिव ने किया मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला प्रभारी, प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग डॉ. देबाशीष पृष्टि ने रविवार को ठींगला में निर्माणाधीन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय सवाई माधोपुर का औचक निरीक्षण कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करवाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज के मॉडल को देखकर ब्लॉक वाइज जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्य इमारत के अंदर प्रत्येक ब्लॉक में लैब, लैक्चर थियेटर, बालक-बालिका छात्रावास, लाईब्रेरी, रेजिडेन्स हॉस्टल के प्रत्येक फ्लोर पर निर्माण कार्यो की जांच कर गुणवत्ता व निर्धारित मापदण्डों की बारीकी से कार्य करने के निर्देश दिए। जिला प्रभारी सचिव ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता एवं कार्य प्रगति की जांच करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज के निर्माण में गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच के लिए अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग हरि सिंह मीना को समय-समय पर प्रगतिरत कार्यो की जांच करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, तहसीलदार विनोद शर्मा, मेडिकल कॉलेज के अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बंदरों को पकड़ने के लिए नगर परिषद ने लगाए पिंजरे, 150 से अधिक बंदर पकड़े

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** बंदरों के आतंक से शहर के नागरिकों को निजात देने के लिए नगर परिषद सवाई माधोपुर द्वारा अभियान लगातार चलाया जा रहा है जिसके तहत शहरी क्षेत्र में शिकायतों के मद्देनजर चिन्हित अलग-अलग जगहों से 150 से अधिक बंदरों को पकड़ कर पाली घाट पर छोड़ा गया। नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में आए दिन बंदरों के आतंक की नगर परिषद को शिकायतें मिल रही है जिस पर अभियान में गति लाते हुए शहर स्थित सब्जी मंडी से 16, खत्री गोदाम से 35, पंसेरी बालाजी से 31, रामद्वारा से 16, रामद्वारा के पास अन्यत्र स्थानों से 61 तथा नगर परिषद उपसभापति के आवास के पास से 16 बंदरों को पिंजरा लगाकर पकड़ा गया। संबंधित संवेदक टीम द्वारा इन पकड़े गए सभी 175 बंदरों को पाली घाट के आसपास आबादी से दूरदराज इलाकों में छोड़ा गया। आयुक्त ने बताया कि नगर परिषद के सभी चिन्हित इलाकों से बंदर पकड़ने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि आमजन को बंदरों के आतंक से निजात मिल सके।

# जिला कलेक्टर के आदेश पर प्रशासनिक, शिक्षा एवं तकनीकी अभियंता 30 जुलाई तक प्रस्तुत करेंगे स्कूलों एवं आंगनबाड़ियों की सघन निरीक्षण रिपोर्ट

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देश पर जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्थित शैक्षणिक संस्थाओं एवं आंगनबाड़ियों का निरीक्षण करने के आदेश दिए है। इसके लिए जिला कलेक्टर ने प्रशासनिक, शिक्षा विभाग, पंचायती राज, स्वायत्त शासन विभाग एवं तकनीकी अभियंताओं की टीम गठित की है। इनका पर्यवेक्षण संबधित उपखंड के एसडीओ एवं सीबीईओ द्वारा किया जाएगा। साथ ही, पर्यवेक्षण अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत निरीक्षण रिपोर्ट की समीक्षा कर जिला स्तरीय टीम द्वारा विश्लेषणात्मक रिपोर्ट तैयार कर जिला कलेक्टर को प्रस्तुत की जाएगी। इसके नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला कलेक्टर मालपुरा विनोद कुमार मीणा एवं जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक राजेश शर्मा सहायक नोडल अधिकारी को बनाया गया है। जिला कलेक्टर ने जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विद्यालयों व आंगनबाड़ियों के निरीक्षण के लिए जिले के 7 एसडीओ व सीबीईओ, 8 नायब तहसीलदार, 244 पीईईओ, सहायक अभियंता 16, कनिष्ठ 37 कनिष्ठ अभियंता एवं 28 जेटीए समेत 36 भूअभिलेख निरीक्षकों को 30 जुलाई तक निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए है। जिला कलेक्टर ने दो जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन भी किया है। इसमें भू-प्रबंध अधिकारी, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक एवं प्रारंभिक, जिला बाल कल्याण अधिकारी एवं महिला एवं बाल विकास की उपनिदेशक को शामिल किया गया है।

# जिला विधिक सेवा सचिव गौतम ने उप कारागृह गंगापुर सिटी का निरीक्षण कर लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की सचिव समीक्षा गौतम ने सोमवार को उप कारागृह गंगापुर सिटी का मासिक निरीक्षण किया। सचिव समीक्षा गौतम द्वारा मौके पर उपस्थित जेलर सुखवीर सिंह से उप कारागृह में बंदियों की संख्या, प्रथम बार अपराध करने वाले बंदियों के नाम, पता एवं उनकी संख्या, बंदियों को प्रदान भोजन, पेयजल, चिकित्सकीय सुविधाओं, जेल में मौसमानुकूल इंतजामों एवं जेल परिसर व बैरकों की साफ-सफाई के संबंध में जांच की गई। निरीक्षण के दौरान बैरक नंबर एक की छत टपकना पाया गया, बैरक नंबर चार की छत एवं दीवारों पर सीलन पाई गई एवं स्टोर रूम के पास वाले कमरे की छत क्षतिग्रस्त पाई गई। साथ ही उप कारागृह में बंदियों के उपयोग में आने वाले टॉयलेट जाम पाएं गएं। इस संबंध में सचिव समीक्षा गौतम द्वारा छतों को ठीक करवाने एवं मौसमानुकूल पर्याप्त इंतजाम करने तथा टॉयलेट, बाथरूम की नियमित रूप से साफ-सफाई करवाने के संबंध में निर्देश प्रदान किये गये। साथ ही सचिव समीक्षा गौतम द्वारा बंदियों से वार्ता कर उनके मुकदमों, संबंधित न्यायालय, परिजनों से बातचीत के समय, अपने मुकदमों की पैरवी हेतु अधिवक्ता की उपलब्धता आदि के संबंध में पूछताछ की गई एवं उनकी समस्याओं को सुना गया। दौराने निरीक्षण कुल 76 बंदी उपस्थित पाएं गएं। निरीक्षण के दौरान शिकायत पेटिका को खोलकर देखा गया, शिकायत पेटिका में कोई शिकायत नहीं पाई गई। इस दौरान सचिव समीक्षा गौतम द्वारा उप कारागृह परिसर में स्थित प्रिजन लीगल एड क्लीनिक का भी विजिट किया गया तथा जेल विजिटिंग लॉयर नीरज खण्डेलवाल एवं जेल विजिटिंग अधिकार मित्र मुकेश कुमार गुर्जर से प्रिजन लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से बंदियों को उपलब्ध करवाई जा रही नि:शुल्क विधिक सलाह एवं सहायता के संबंध में की गई कार्यवाही के बारे में पूछताछ की गई। निरीक्षण के दौरान रजिस्टरों में बंदियों प्रकरणों की नियमित रूप से प्रविष्टियां नहीं होना पाया गया, इस संबंध में सचिव समीक्षा गौतम द्वारा जेल विजिटिंग लॉयर एवं अधिकार मित्र को रजिस्टरों में नियमित रूप से प्रकरणों की प्रविष्टियां करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव समीक्षा गौतम द्वारा बंदियों के कानूनी अधिकारों, बंदियों के कल्याण की योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान कर उपस्थित बंदीजन को अपराधों एवं नशे से दूर रहने के लिये प्रेरित किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य प्रहरी उपेन्द्र सिंह, प्रहरी आशुतोष, समयसिंह, कृष्ण कुमार, हरकेश, महिला प्रहरी कृष्णा चोपड़ा एवं कम्पाउण्डर गयूर अहमद उपस्थित रहें।

हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण कर वन राज्यमंत्री ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# ‘एक पेड मां के नाम अभियान’ अब बना जन-जन का अभियान, खुद पौधे खरीद कर लगा रहे आमजन नागरिक : वन राज्यमंत्री शर्मा

### गोसेवा एम्बुलेंस का विधि विधान से पूजन कर किया शुभारम्भ

### कृषि उपज मंडी में ‘एक पेड मां के नाम अभियान’ के तहत किया पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान से प्रेरित हरियालो राजस्थान अभियान के तहत मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत अलवर में भवानी तोप सर्किल स्थित पशु चिकित्सालय परिसर में सनातन गोसेवा धाम एवं कृषि उपज मंडी परिसर में सामाजिक संगठन व व्यापारिक संगठन एवं आम नागरिकों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ‘एक पेड मां के नाम अभियान’ अब जन-जन का आन्दोलन बन गया है। उन्होंने कहा कि पहले वन विभाग पेड़ लगाने के लिए आमजन को पौधे वितरित करता था, किन्तु प्रधानमंत्री जी के इस अभियान से आमजन में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता आई है और अब आमजन खुद पेड़ खरीदकर अपने पूवर्जों के नाम से न केवल पेड़ लगा रहे हैं, बल्कि इसको भारत सरकार के माई भारत पोर्टल पर अपलोड भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष राजस्थान से 6 करोड़ आम लोगों ने इस पोर्टल पर अपने फोटो अपलोड किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के अभियान से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने विगत वर्ष मिले सवा तीन करोड़ पेड़ लगाने के लक्ष्य से आगे बढ़कर प्रदेश में 7 करोड़ 35 लाख पौधे लगाए गए। इस वर्ष हरियाली तीज से शुरू किए गए अभियान में प्रदेश में 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है और हरियाली तीज के अवसर पर एक ही दिन में ढाई करोड से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। पांच वर्षों में 50 करोड़ पौधे आमजन के सहयोग से लगाए जाएंगे। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रदेशवासी एक पेड़ अपनी मां के नाम के साथ-साथ अपने पूवर्जों के नाम भी लगाए तथा अपने जन्मदिन पर एक पेड़ लगाकर आने वाली पीढ़ियों व प्रकृति को पर्यावरण संरक्षण का उपहार देवे। उन्होंने कहा कि आज जो पौधे लगाए जा रहे हैं सही एक वर्ष उपरान्त इनका जन्मदिन भी मनाए ताकि इनका संरक्षण हो सके।



### गोसेवा एम्बुलेंस का विधि विधान से पूजन कर सेवा के लिए किया रवाना

मंत्री शर्मा ने भवानी तोप स्थित पशु चिकित्सालय परिसर में सनातन गोसेवा धाम गोशाला में गोसेवकों की स्मृति में भामाशाह श्री रामचंद्र नितिन अग्रवाल द्वारा प्रदान की गई गोसेवा एम्बुलेंस का विधि विधान से पूजन कर उसे खुद चलाकर गोसेवा के लिए समर्पित किया। इस दौरान उन्होंने एम्बुलेंस के साथ सगुन के तौर पर बछड़े का भी पूजन किया। उन्होंने गोसेवा धाम में गोमाता को गुड़ खिलाया। उन्होंने इस दौरान गोशाला परिसर में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत लगाए जा रहे पौधारोपण अभियान का शुभारम्भ पौधा लगाकर किया। सनातन गोसेवा समिति के पदाधिकारियों ने मंत्री श्री शर्मा को लम्पी वायरस महामारी के दौरान पीडित गोमाताओं के लिए अपने विधायक कोष से एक आधुनिक गो एम्बुलेंस उपलब्ध कराने तथा गो रक्षा हेतु पुलिस प्रशासन की क्यूआरटी टीम को चार बोलेरो कैम्पर उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित करने पर साधुवाद दिया।

### कृषि उपज मंडी परिसर में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत लगाए 251 पौधे

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में अलवर कृषि उपज मंडी परिसर में ‘एक पेड मां के नाम अभियान’ के तहत व्यापारी व पल्लेदारों के साथ 251 पौधे लगाए गए। कृषि उपजन मंडी समिति के पदाधिकारियों ने मंत्री श्री शर्मा का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से भेंट कराकर कृषक कल्याण फीस को कम कराने में सहयोग करने पर आभार जताया।

इस दौरान जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के कार्यकारी अध्यक्ष श्री सुरेश जलालपुरिया, कृषि उपज मंडी व्यापार संघ के अध्यक्ष श्री सत्यविजय गुप्ता, श्री अरूण जैन, श्री दिनेश गुप्ता, श्री महेश निहालवानी, श्री सतीश यादव, श्री ओमप्रकाश गोयल, श्री राजेन्द्र खण्डेलवाल, श्री प्रकाश अडिचवाल, डीएफओ अलवर श्री राजेन्द्र हुड्डा, उप निदेशक कृषि उपज मंडी श्री नरेश यादव, कृषि उपज मंडी सचिव श्रीमती अंजू जाटव सहित संबंधित अधिकारी एवं बडी संख्या में व्यापारी एवं पल्लेदार मौजूद रहे।

# वन राज्यमंत्री ने किया त्रिपोलिया महादेव मंदिर में रूद्राभिषेक

### प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली और अच्छी वर्षा की कि कामना

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने श्रावण मास के पवित्र सोमवार के अवसर पर देव स्थान विभाग की ओर से प्रदेश भर में आयोजित रूद्राभिषेक कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को अलवर शहर के त्रिपोलिया महादेव मंदिर में रूद्राभिषेक कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं अच्छी वर्षा की कामना की। वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में पवित्र श्रावण मास का विशेष स्थान है। इस माह में भक्ति और बारिश का सुन्दर संयोग रहता है। भक्ति से आध्यात्मिक व बारिश से भौतिक खुशहाली आती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश का न केवल चहुंमुखी विकास हो रहा है, बल्कि हर वर्ग का ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की परम्परा के तहत देव स्थान विभाग द्वारा प्रदेश भर में प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं अच्छी वर्षा के लिए रूद्राभिषेक कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को हवाई जहाज व रेलगाडी के माध्यम से देश-विदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों की तीर्थयात्रा कराई जा रही है। साथ ही मंदिरों में सेवा करने वाले पुजारियों की भोग व सेवा राशि में वृद्धि की है।

### श्रृद्धालुओं के साथ लाइन में लगकर किए दर्शन

मंत्री श्री शर्मा ने सादगी का परिचय देते हुए मंदिर में दर्शन व पूजा-अर्चना के लिए आए हुए श्रृद्धालुओं के साथ लाइन में लगकर मंदिर में प्रवेश कर पूजा-अर्चना व दर्शन किए। मंत्री के सादगी भरे व्यवहार से वहां मौजूद श्रृद्धालुओं ने कहा कि मंत्री श्री शर्मा का व्यवहार वीआईपी कल्चर से दूर सादगी भरा है और यह राजनीति में सुचिता का संदेश देता है। महंत पं. जितेंद्र खेड़ापति ने विधि विधान से मंत्री श्री शर्मा को पूजा-अर्चना

## छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित राजकीय महाविद्यालय बानसूर में छात्रसंघ चुनाव की बहाली की मांग को लेकर छात्र नेता सुरेश मीणा के नेतृत्व में छात्र प्रतिनिधियों ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा ।ज्ञापन में बताया कि लम्बे समय से छात्रसंघ चुनाव बंद हैं, जिससे छात्र प्रतिनिधित्व का अधिकार छिना गया है ।उन्होंने माँग की है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को पुन: शुरू करते हुए छात्रसंघ चुनाव को जल्द से जल्द बहाल किया जाए। इस मौके छात्र नेता लखन मीणा, निखिल गुर्जर, तमन्ना यादव, उर्वशी ,जया, पायल मीणा, जेल सिंह गुर्जर , सुंदर रावत, अंकित खासपुरिया, रॉकी पहलवान, जसराम जाट,और बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे, जिन्होंने नारेबाज़ी कर अपने अधिकारों की आवाज़ बुलंद की।

## लायंस क्लब अलवर सिटी की महिलाओं ने धूमधाम से मनाया तीजोत्सव



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** लायंस क्लब अलवर सिटी की महिलाओं ने धूमधाम से तीजोत्सव मनाया । लायन शिवानी गुप्ता ने बताया कि तीजोत्सव कार्यक्रम लायंस क्लब अलवर सिटी के अध्यक्ष लायन डॉ हरीश गुप्ता के निवास पर धूमधाम से मनाया गया । हाथों पांवों में मेहंदी रचाकर ए सात श्रृंगार करके लाल पीले रंग की लहरिया पहनकर सजी धजी लायन साथियों ने सावन के गानों पर खूब नृत्य करके अपनी खुशी का इजहार किया । इस मौके पर कई खेलो का भी आयोजन किया गया जिसमें लायन सुनीता बंसल लायन अल्का गुप्ता, लायन अनुपमा गोयल विजेता रही। तीज क्वीन के रूप में लायन सुनीता बंसल,लायन शिवानी गुप्ता,लायन दीपिका गुप्ता को चुना गया। कार्यक्रम में पधारे सभी लायन साथियों ने सामूहिक नृत्य किया चटपटे व्यंजनों का भरपूर आनन्द लिया तथा कार्यक्रम के अन्त में अध्यक्ष लायन डॉ हरीश गुप्ता द्वारा दिए गए एक पेड़ माँ के नाम के लिए सभी ने आभार व्यक्त किया।

## रोटरी क्लब ऑफ़ अलवर को उत्कृष्ट कार्य हेतु वर्ष 2024-25 के 18 डिस्ट्रिक्ट अवार्ड मिले



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** रोटरी क्लब ऑफ़ अलवर को रोटेरियन दीपक कट्टा की अध्यक्षता में वर्ष 2024-25 के उत्कृष्ट कार्य करने हेतु रोटरी डिस्ट्रिक्ट अवार्ड कार्यक्रम आभार में कुल 18 अवार्ड से पुरस्कृत किया गया । इस अवार्ड में रोटेरियन दीपक कट्टा को असाधारण अध्यक्षए रोटेरियन जितेन्द्र खुराना को असाधारण सहायक प्रान्तपाल, रोटेरियन मुकुंद गुप्ता को असाधारण सचिव, समर्पित रोटेरियन के रूप में विकास गुप्ता 7 का साथ ब्लड डोनेशन ड्राइव एवं हर्ष गुप्ता को क्लीन टॉयलेट प्रोजेक्ट, पब्लिक इमेज अवार्ड, 7 स्टार क्लब अवार्ड सहित कुल 18 अवार्ड डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राहुल श्रीवास्तव ने प्रदान किये। इस अवार्ड कार्यक्रम में क्लब के पूर्व अध्यक्ष दीपक कट्टा, सचिव मुकुंद गुप्ता, पूर्व सहायक प्रांतपाल जितेंद्र खुराना, पूर्व प्रांतपाल क्रांति मेहता, पवन खंडेलवाल, अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल, राजेश खंडेलवाल, कंचन खुराना, विकास गुप्ता, हर्ष गुप्ता आदि ने यह अवार्ड ग्वालियर में प्राप्त किए।

## बलराम गुर्जर को जिलाध्यक्ष बनाया

**अलवर ( का.स. )।** महासंघ के संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के तहत, महेश व्यास प्रदेशाध्यक्ष, राजस्थान संयुक्त कर्मचारी एवं मजदूर महासंघ द्वारा बलराम गुर्जर, प्रशासनिक अधिकारी (अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, जल संसाधन संभाग,जयपुर) को जयपुर जिले का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। गुर्जर को निर्देशित किया गया है कि वे शीघ्र अपनी कार्यकारिणी गठित कर महासंघ को सूचित करें। महासंघ को विश्वास है कि आपके नेतृत्व में कर्मचारी हितों की प्रभावी रक्षा और संगठन की मजबूती के लिए उल्लेखनीय कार्य होगा।

# सभी विद्यार्थी किसान परिवारों से आते हैं अम्बानी अडाणी के परिवारों से नहीं : सिंह

### बानसूर के मूर्ति देवी महाविद्यालय में विद्यार्थियों से डवलपमैंट फीस के नाम पर 2 सौ रूपये की अवैध वसूली का आरोप

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर( धीरज मौर्य )।** बानसूर में संचालित मूर्ति देवी महाविद्यालय में महाविद्यालय प्रबन्धन द्वारा डवलपमैंट फीस के नाम पर 2 सौ रूपये की अवैध वसूली की जा रही है ऐसा आरोप छात्रों ने लगाया हैं। बानसूर के गोविन्दम् टीचर ट्रेनिंग कॉलेज की छात्र अध्यापिका परीक्षा की छात्रा नीतू सिंह ने बताया कि जब हमने परीक्षा फॉर्म अप्लाई किया था उसी के साथ हमने डवलपमैंट फीस के 2 सौ रूपये अदा कर दिए थे। हमारा परीक्षा केन्द्र मूर्ति देवी महाविद्यालय में आया है जिसमें मूर्ति देवी महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा डवलपमैंट फीस के नाम से अवैध वसूली की जा रही है जो न्याय संगत नहीं है। नीतू सिंह ने बताया कि कुछ विद्यार्थियों से इन्होंने 2 सौं रुपयों की डवलपमैंट फीस के नाम से अवैध वसूली कर ली गईं है व अन्य पर दबाव बनाया जा रहा है। जिन परीक्षार्थियों ने 2 सौं रूपये डवलपमैंट फीस के नाम पर हो रही अवैध वसूली के नहीं दिए हैं उन्हें बिजली पानी और अन्य सुविधाओं से वंचित रखा जाता है। उन्होंने कहा कि हमारी विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग है कि जिन परीक्षार्थियों से अवैध वसूली की गईं है राशि वापस लौटवाए और मूर्ति देवी महाविद्यालय पर कार्यवाही करें। वहीं राज ऋषि भृतहरी मत्स्य विश्वविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने बताया कि मूर्ति देवी महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा डवलपमैंट फीस के नाम पर विद्यार्थियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। विद्यार्थियों को नकल के आरोप में गिरफ्तार करवाने की धमकी दी जा रही है जो सरासर गलत है। इससे विद्यार्थी मानसिक दबाव आ गए हैं उन्हें अपनी परीक्षा पास करने की चिंता सता रही हैं । उन्होंने बताया कि ऐसी स्थिति में विद्यार्थियों का भविष्य चौपट हो रहा है। गुर्जर ने आगे बताया कि छात्रों से जो डवलपमैंट फीस के नाम पर अवैध वसूली की गईं है वह राशि वापस छात्रों को लौटाएं और उन्हें परीक्षा केन्द्र पर सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाएँ। इस मौके पर विद्यार्थियों ने मूर्ती देवी महाविद्यालय प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी भी की और काफ़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। उधर मूर्ति देवी महाविद्यालय के प्राचार्य राहुल मीणा से हमने दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने फोन को रिसीव ही नहीं किया।

## भाजपा प्रदेश मंत्री विजेन्द्र पूनिया का सवाई आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री विजेन्द्र पूनिया का सवाई माधोपुर आगमन पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनन्दन किया । भाजपा प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि प्रदेश मंत्री पूनिया त्रिनेत्र गणेश मंदिर के दर्शन हेतु पधारे जहां उन्होंने गणेश भगवान की पूजा अर्चना की और आशीर्वाद लिया, उसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका श्रीराम का दुप्पटा एवं साफा पहनाकर अभिनंदन किया । इस दौरान जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा, बजरिया मंडल महामंत्री आकाश भारद्वाज, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मुरली गौतम, मंडल उपाध्यक्ष अजय बसवाल, सुधीर शर्मा, अजय गौतम, रोहित शर्मा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अनुशासन प्रिय व कामचोरों के लिए सख्त आईपीएस अधिकारी हैं बिश्नोई सर

### हरियाणा सीमा पर गैंगवार को रोकने के लिए सरकार ने देवेन्द्र बिश्नोई पर जताया विश्वास



आजकल हरियाणा सीमा से सटे इलाकों में रंगदारी व गैंगवार की घटनाए तेजी से पनप रही हैं। ऐसे में खुल्लेआत आपराधिक वारदातें पुलिस के प्रति विश्वास और अपराधियों से खौफ जनता में पैदा हो रहा है। सरकार ने बहरोड कोटपुतली जिले की पुलिस कमान नए कप्तान देवेंन्द्र बिश्राई जी के कंधे पर रखी है। चुनौति है लेकिन बिश्राई सर का आत्मविश्वास और अपनी टीम के प्रति प्रबलता व विश्वास इतना है कि अपराधी इलाका छोडने पर मजबूर होते नजर आऐंगे। आईपीएस देवेंद्र कुमार बिश्राई को एक बेहतरीन और अनुशासन प्रिय पुलिस अधिकारी के रूप में जाना जाता है। अनुशासन तो ऐसे समझों जैसे उनके रक्तप्रवाह के साथ धमनियों में चल रहा हो। अलवर एडिशनल एसपी रहकर एक अमिट छाप छोडने वाले बेहतरीन पुलिस ऑफिसर है बिश्राई सर। 24 मई 1967 को जन्मे देवेंद्र कुमार बिश्नोई मूलरूप से हरियाणा के हिसार के रहने वाले हैं। देवेंद्र कुमार बिश्नोई के पास एलएलबी की डिग्री है। बीएसएफ में देश की सेवा के बाद देश की आंतरिक सेवा और अपराधियों के हौसलें पस्त करने के इरादे लिए राजस्थान पुलिस सेवा ज्वाइन की। साल 2020 में राजस्थान पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा में पदोन्नत होकर आईपीएस अफसर बने। बतौर एसपी देवेंद्र कुमार की बहरोड कोटपूतली जिले में छटी पोस्टिंग है। इससे पहले झुंझुनूं, गंगापुर सिटी, पीएचक्यू जयपुर में यातायात, एसीबी बीकानेर और भरतपुर में एसपी रह चुके हैं। आईपीएस देवेंद्र कुमार बिश्नोई ने आरएसी बटालियन बीकानेर में कमांडेंट पद पर लंबे समय तक सेवाएं दे चुके हैं। बहरोड कोटपुतली जिला हरियाणा बॉर्डर से लगता हुआ है। ऐसे में देवेंद्र कुमार बिश्नोई के सामने बॉर्डर पार से आने वाले अपराधों, शराब व पेट्रोल तस्करों को रोकने के साथ-साथ आगामी निकाय चुनाव शांति से सम्पन्न कराए जाने कीचुनौती है। बीएसएफ डीआईजी रह चुके बहरोड कोटपुतली जिले के नए पुलिस कप्तान देवेंद्र कुमार बिश्नोई के परिवार का खाकी से रिश्ता वर्षों पुराना है। खुद के अलावा इनके पिता भी बीएसएफ में सेवाएं दे चुके हैं। आरपीएससी क्रैक करके राजस्थान पुलिस में अधिकारी बन गए। इनकी पत्नी इंदिरा बिश्नोई श्रीडूंगरपुर के कॉलेज में प्रोफेसर हैं। कोटपुतली व बहरोड जिले के लोग इनकी बेहतरीन कार्यशैली से भली प्रकार से परिचित हैं।

**रूपक शर्मा**

## बानसूर की बेटी पूजा तिवाड़ी को मिलेगा संस्कृत विद्वत् सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर( धीरज मौर्य )।** संस्कृत शिक्षा विभाग राज्य स्तरीय संस्कृत विद्वत् सम्मान समारोह 7 अगस्त 2025को आयोजित होगा। जिसमें कुल 21 नामों की घोषणा की गईं है। इस सम्मान समारोह में संस्कृत के विकास में योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इन 21प्रतिभाओं में बानसूर उपखण्ड क्षेत्र के गाँव हरसौरा निवासी पूजा तिवाड़ी पुत्री कमल तिवाड़ी का नाम भी समलित है।उल्लेखनीय है कि पूजा तिवाड़ी राज ऋषि भृतहरी मत्स्य विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग की छात्रा है जिसने संस्कृत में विश्वविद्यालय टॉप किया है।पूजा तिवाड़ी का नाम सम्मान सूची में आने पर क्षेत्र में प्रसन्नता की लहर दौड़ गईं है।वहीं परिजनों सहित ग्रामीणों ने गाँव की बेटी पूजा तिवाड़ी का लड्डू खिलाकर मुँह मीठा कराया और माला साफा पहनाकर सम्मान किया गया।इस सम्मान समारोह का आयोजन सुखाड़िया रंगमंच सभागार, टाऊनहॉल, नगर निगम उदयपुर में आयोजित होगा।

# जिन मतदाताओं के नाम वर्ष 2002 की मतदाता सूची में हैं उनसे नहीं माँगा जाएगा कोई दस्तावेज : सोनी

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देश एवं एसडीएम बानसूर व तहसीलदार बानसूर के निर्देशन में आज पंचायत समिति सभागार बानसूर में पूर्व से संचालित मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) पर प्रशिक्षण के आयोजन का बानसूर में अंतिम दिन रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में चुनाव शाखा प्रभारी पूरणचन्द यादव , सुभाषचन्द्र यादव मौजूद रहें।मास्टर ट्रेनर पुष्पेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि बानसूर विधानसभा के भाग संख्या 101 से भाग संख्या 167 तक सभी बीएलओ साहिबान व पर्यवेक्षकगणों को प्रशिक्षण दिया गया।आगामी प्रशिक्षण 30जुलाई 2025 से 31जुलाई 2025 तक नारायणपुर के बीएलओ साहिबान व पर्यवेक्षकगणों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में चुनाव आयोग के निर्देशों की पालना की गई।उक्त प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर पुष्पेंद्र सोनी,नंदलाल कुमावत,डॉ भीमसिंह जाट, राजेश कुमार कुम्हार के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स ने बारी - बारी से बताया तथा मास्टर ट्रेनर पुष्पेंद्र कुमार सोनी ने बताया कि जिनके नाम 2002 की मतदाता सूची में हैं उनसे किसी भी प्रकार का कोई दस्तावेज नहीं लेना है। उन्होंने बताया कि मतदाताओं की 3 श्रेणी बनाई गई हैं।प्रथम श्रेणी में जिनका जन्म 1जुलाई 1987 से पूर्व हुआ है तो एक दस्तावेज स्वयं मतदाता का लेना है।द्वितीय श्रेणी में जिनका जन्म 1जुलाई 1987 से 2दिसम्बर 2004 के मध्य हुआ है तो मतदाता के स्वयं का व माता-पिता का दस्तावेज लेना है। तृतीय श्रेणी में जिस मतदाता का जन्म 2दिसम्बर 2004 के बाद हुआ है तो स्वयं का व माता-पिता का दस्तावेज लेना है। वे 11दस्तावेज इस प्रकार हैं-1.पीपीओ की फ़ोटो प्रति,2.जन्म प्रमाण पत्र,3. पासपोर्ट,4. मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिक का प्रमाण पत्र,5.मूल निवास प्रमाण पत्र,6. वन अधिकार प्रमाण पत्र,7. जाति प्रमाण पत्र,8.राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर,9. परिवार रजिस्टर, 10.भूमि या ग्रह आवंटन प्रमाण पत्र,11.जिनका जन्म भारत में 1जुलाई 1987 से पूर्व हुआ है तो बैंक डायरी एलआईसी का प्रमाण पत्र प्रमाण पत्रों में से संलग्न करने होंगे।



# बाढ़ से रामगंजमंडी क्षेत्र में भारी नुकसान, शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी/कोटा ( प्रमोद राठौर )।** कोटा जिले के रामगंज मंडी विधानसभा क्षेत्र में लगातार भारी बारिश के चलते उत्पन्न हुए बाढ़ के हालातो का जायजा लेने शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री तथा स्थानीय विधायक श्री मदन दिलावर जयपुर से सीधे रामगंज मंडी पहुंचे बाहर से सबसे ज्यादा प्रभावित कुम्भकोट बस्ती पहुंच कर मंत्री पूरी बस्ती जायजा लिया। मुख्य सड़क से बस्ती में पहुंचने के लिए संपर्क सड़क पूरी तरह पानी में डूबी हुई थी। तेज बहाव के कारण कार का सड़क पर उतरना मुश्किल था । जिसके चलते मंत्री श्री दिलावर ट्रैक्टर पर सवार होना पड़ा। ट्रैक्टर पर बैठकर मंत्री दिलावर कुम्भकोट बस्ती में पहुंचे। बस्ती में घरों और रास्तों पानी भरा हुआ था। बस्ती के लोगों ने बताया कि रात भर बरसात होने से बस्ती में घुटनों तक पानी था। घर में रखा राशन और कपड़े, बिस्तर सब खराब हो गए ।खाने के लिए भोजन भी बना नहीं सकते। पूरे गांव का भोजन एक ही जगह मंदिर पर बन रहा है। सरकारी स्कूल की दीवार भी पानी के तेज भाव के



कारण बह गई। इसके मंत्री ने हरिपुरा,जुल्मी,देवली खुर्द गांव का दौरा किया और बाढ़ के कारण हुए नुकसान का जायजा लिया।

### छह नट परिवारों को स्कूल में दिलाई शरण

देवली खुर्द में नटो की पूरी टपरिया तेज पानी कर बहाव में बह गई। 6 परिवारों को सरकारी स्कूल में शरण दिलाई गई। लोगो को भोजन और कपड़ों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के मंत्री दिलावर ने निर्देश दिए तथा दैनिक जरूरत का सामान जैसे बिस्तर, कपड़े आदि तुरंत उपलब्ध करने के निर्देश दिए। मंत्री ने बाढ़ से बेघर हुए इन परिवारों के लिए स्थाई घर की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए । जिस पर ग्राम सेवक ने बताया कि इस क्षेत्र में कुल 103 नटो के परिवार रहते है जिनका सर्वे कर प्रस्ताव भेज दिए है इनको शीघ्र ही निशुल्क आवासीय भूखंड के पट्टे दे दिए जाएंगे।

# चित्तौड़गढ़ को टीबी मुक्त बनाने के लिए सभी चिकित्साकर्मी बनेंगे निक्षय मित्र



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( संजय खाबिया )।** प्रदेश को टीबी (क्षय) मुक्त बनाने के लिए तेजी से हो रहे प्रयासों के अंतर्गत 27 से 31 जुलाई तक विशेष निक्षय मित्र बनाओ अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान की शुरुआत जिले के शासन प्रभारी आलोक गुप्ता और जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देशन में आयोजितजिला स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत निश्चय पोषण सहायता अभियान की की शुरुआत इस अभियान में जिले के टीबी मरीजों को पोषण किट देने के लिए चिकित्सा विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी स्वेच्छा से निक्षय मित्र बनेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ताराचंद गुप्ता ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. आलोक रंजन के निर्देशन में जिला चित्तौड़गढ़ में करीब 488 निक्षय मित्र बनाए जा चुके है, जो कि टीबी के मरीजों को पोषण किट उपलब्ध करवा रहे है। इसी क्रम में 27 से 31 जुलाई तक चिकित्सा विभाग विशेष अभियान चलाकर अपने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निक्षय मित्र के रूप में पंजीकृत करेंगे एवं अधिक से अधिक टीबी मरीजों को पोषण सामग्री उपलब्ध करवाएंगे। जिले में समस्त स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा 1000 पोषण किट वितरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राकेश कुमार भटनागर ने बताया कि राज्य स्तर से निदेशक (जन स्वास्थ्य) डॉ. रवि प्रकाश शर्मा एवं राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. पुरुषोतम सोनी द्वारा अभियान को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। खण्ड स्तर पर भी अभियान में अधिक से अधिक चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को शामिल होने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जिला स्तरीय कार्यक्रम में भरत कुमार शर्मा जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं पर्वत सिंह राव एसटीएस और सत्यनारायण शर्मा, एएनएम, चिकित्सा कर्मी उपस्थित थे चिकित्सा विभाग आमजन से इस अभियान को लेकर सहभागिता की अपील करता है कि अधिक से अधिक टीबी मरीजों को पोषण किट उपलब्ध करवाएं ताकि चित्तौड़गढ़ जिला टीबी मुक्त बन सके।

# अग्रवाल फ्रेंड्स क्लब की सिंजारा सजाओ प्रतियोगिता में सीमा मित्तल रहीं प्रथम



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** अग्रवाल फ्रेंड्स क्लब द्वारा करणी पैलेस में सिंजारा सजाओ एवं बच्चों की राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। संस्था की चेयरपर्सन कृतिका अग्रवाल ने बताया कि सिंजारा सजाओ प्रतियोगिता में सीमा मित्तल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि दीपा सिंघल द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं बच्चों द्वारा बनाई गई सुंदर-सुंदर हैंडमेड राखियों ने सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सलाहकार मण्डल की सदस्यों सुनीता गोयल, किरण अग्रवाल, किरण गोयल एवं अन्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम निदेशक स्वाति बंसल, रेखा जिन्दल, उषा मित्तल ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। क्लब द्वारा इस आयोजन के माध्यम से संस्कृति, रचनात्मकता और पारिवारिक भावनाओं को बढ़ावा देने का प्रयास सराहनीय रहा।

कोटा की नई पुलिस अधीक्षक ने संभाला कार्यभार

# अपराध और अवैध तस्करी व्यापार अंकुश लगाना प्राथमिकता-एसपी तेजस्विनी गौतम

बढ़ता राजस्थान



**कोटा,( विनोद गौड़ )।** कोटा शहर की नई पुलिस अधीक्षक आईपीएस तेजस्विनी गौतम ने आज एस पी आफिस पहुंचकर औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कोटा मे पुलिस की प्राथमिकताओं के बारे मे मीडिया को जानकारी भी दी। एसपी ने कहा कि संगठित अपराध और चाकूबाजी कोटा मे नही पनपने दिया जायेगा,अवैध तस्करी मादक पदार्थ, की रोकथाम के लिए सख्ती उनकी पहली प्राथमिकता होगी। महिला व वह कोचिंग छात्रों की सुरक्षा के लिए पुलिस को विशेष रणनीति बनाकर काम करना होगा। तेजस्विनी गौतम ने कहा कि पुलिस इन मामलों में पूरी तरह सतर्कता से प्रयास करेगी कि शहर में सुरक्षित माहौल बना रहे। शहर के सभी नागरिकों से बरसात के इस सीजन में नदी नालों वह जल भराव के क्षेत्र में न जाने की अपील करते हुए प्रशासन के निर्देशों की पालना करने को भी कहा।

## आज दिनांक तक नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा मुख्यमंत्री स्वनिधी योजना में शिवर का 26 जुलाई को समापन

**कोटा (दामोदर सिंह)।** मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना शिविर के अंतर्गत नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा अजय आहूजा नगर उड़िया बस्ती में दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें योजना के मुख्य बिंदुओं जैसे 80000 तक का लोन तीन किस्तों में क्रमशः 10000, 20000 एवं 50000 रुपए तक का राज सरकार द्वारा 7प्रतिशत ब्याज पर अनुदानित दर पर बिना गारंटी के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को उपलब्ध कराया जा रहा है जिसमें दस्तावेज जन आधार कार्ड ,आधार कार्ड ,बैंक पासबुक एवं मजदूरी से संबंधित कोई भी दस्तावेज का व्यापक प्रचार प्रसार कर ऋण आवेदन 58 ऑनलाइन कराए गए एवं मौके पर ही जांच कर बैंकों में भिजवाए दिए आयुक्त अनुराग भार्गव के निर्देशन में जिला प्रबंधक प्रवीण शर्मा द्वारा बताया गया कि अब तक 2026 ऋण आवेदन ऑनलाइन किए जा चुके हैं।

# हिन्दुस्तान जिंक ने टीईआरआई के साथ मिलकर पारिस्थितिकीय बहाली को दुगुना कर 13 हेक्टेयर में किया

### राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर में दूसरे चरण के तहत 7 हेक्टेयर और भूमि की बहाली का कार्य पूरा

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( संजय खाबिया )।** भारत की एकमात्र और दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने अपनी सस्टेनेबिलिटी में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टीईआरआई) के सहयोग से शुरू की गई अपनी बहाली परियोजना के दूसरे चरण के तहत 7 हेक्टेयर भूमि को सफलतापूर्वक बदल दिया है। कंपनी ने जेरोफिक्स यार्ड बहाली का दूसरा चरण अगस्त 2024 में शुरू किया था। एसएंडपी ग्लोबल सीएसए 2024 के अनुसार दुनिया की सबसे सस्टेनेबल मेटल और माइनिंग कंपनी हिन्दुस्तान जिंक ने पहले चरण में 6 हेक्टेयर और दूसरे चरण में 7 हेक्टेयर, कुल 13 हेक्टेयर जेरोफिक्स-युक्त औद्योगिक बंजर भूमि को दुनिया के सबसे बड़े एकिकृत जिंक-लेड स्मेल्टर चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर में उन्नत माइकोराइजा तकनीक का उपयोग कर सघन हरित क्षेत्र में बदल दिया है। हिंदुस्तान जिंक ने इस कठिन इलाके में पौधों की जड़ों और कवक के बीच सहजीवी संबंध को बढ़ावा देने वाली माइकोराइजा तकनीक का लाभ उठाते हुए, वनस्पति को पनपने में सक्षम बनाया है। पहले चरण में 6.25 हेक्टेयर को सफलतापूर्वक बदलने के बाद, जहां 11,000 से अधिक देशी पौधे लगाए गए थे, कंपनी ने अब 7 और हेक्टेयर में 15 हजार अतिरिक्त देशी पौधों के पौधे लगाकर उच्च घनत्व वाला, आत्मनिर्भर पारिस्थितिकी तंत्र बनाया है। इस अवसर पर, हिंदुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा ने कहा कि, हिन्दुस्तान जिंक में, हम मानते हैं कि औद्योगिक नेतृत्व को पर्यावरणीय जिम्मेदारी के साथ चलना चाहिए। विरासत में मिली औद्योगिक भूमि को हरे-भरे पारिस्थितिकी तंत्र में बदलना भविष्य के लिए खनन की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है एक ऐसा खनन जो पुनर्जीवित करता है।

# प्रो सोडाणी का अभिनन्दन और विदाई, प्रो सारस्वत को वीएमओयू के कुलगुरू का अतिरिक्त प्रभार



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( दामोदर सिंह )।** जाने-माने शिक्षाविद और कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो भगवती प्रसाद सारस्वत को वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा के कुलगुरू का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। कुलाधिपति कार्यालय ने सोमवार दोपहर बाद इसके आदेश जारी किए। निवर्तमान कुलगुरू प्रो कैलाश सोडाणी का कार्यकाल सोमवार को पूरा हो गया और सोमवार शाम को ही उन्होंने अपना चार्ज प्रोफेसर सारस्वत को सौंपा। इससे पहले कुलगुरू सचिवालय में दिनभर काफी गहमा-गहमी रही। प्रोफेसर सोडाणी को सपरिवार विश्वविद्यालय के आचार्यों, अधिकारियों, कार्मिकों और विद्यार्थियों ने भावभीनी विदाई दी और फूलों की वर्षा कर ढोल नगाड़ों के साथ अभिनन्दन किया । इस मौके पर सभी की आंखें नम थीं। प्रोफेसर सोडाणी ने सभी का आभार जताया। कार्यभार देने के बाद प्रोफेसर सोडाणी और मैडम शकुंतला सोडाणी अपने गृह नगर उदयपुर रवाना हो गए। वीएमओयू के कुलगुरू का प्रभार ग्रहण करने के बाद प्रोफेसर सारस्वत ने शिक्षकों के साथ गांधी भवन में बैठक की और सभी का परिचय जाना तथा विभिन्न अकादमिक क्रियाकलापों, प्रवेश और परीक्षा के बारे में जानकारियां लीं। गौरतलब हो कि प्रोफेसर सारस्वत ने बीती 7 जून को कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरू का दायित्व ग्रहण किया था। विदित हो कि अकादमिक जगत में प्रोफेसर सारस्वत बहुत कड़े फैसलों के लिए जाने जाते हैं।

# शराब की दुकान की जगह बदलने को लेकर महामंडलेश्वर हेमा सरस्वती के नेतृत्व में कॉलोनी वासियों ने दिया धरना

**कोटा,( विनोद गौड़ )।** दिनांक 28-07-2025 को तलवंडी स्थित कॉलोनी में शराब की दुकान को लेकर चल रहे आंदोलन के अंतर्गत सोमवार को मोजी बाबा गुफा आश्रम की महामंडलेश्वर हैमा सरस्वती संतों के साथ कॉलोनी वासियों एवं हिंदुत्व वादी संगठन के पदाधिकारियों के साथ दुकान के बाहर धरने पर बैठी। उन्होंने कहा इस क्षेत्र में कोचिंग, मंदिर , ओर महिलाओं से जुड़े व्यापारिक संस्थान हे ऐसे में इस जगह शराब की दुकान खुलने से माहौल खराब रहता हे पूर्व में क्षेत्र की महिलाओं ने समस्त प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवा दिया था परन्तु कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण आज धरने पर बैठना पड़ा। धरने पर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि जन भावना के अनुसार प्रशासन को कार्य करना चाहिए अगर लोग नहीं चाहते तो दुकान कही ओर लगानी चाहिए उन्होंने आबकारी अधिकारियों से वार्ता की जब अधिकारी धरना स्थल पर नहीं पहुंचे तो सभी लोग धरना स्थल से आबकारी अधिकारी के कार्यालय पहुंच गए जहां अधिकारियों को खरी खोटी सुनाते हुए दुकान की जगह बदलने को कहा । इस पर आबकारी अधिकारियों ने कहा कि 24 घंटे में दुकान का स्थान बदल दिया जाएगा जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और धरना समाप्त किया।

विश्व बाघ दिवस पर विशेष

# रणथंभौर की गोद में कला और संरक्षण का संगम गूंजा बाघों की आवाज़ बनकर

### 22 से 26 जुलाई तक आयोजित हुआ जयपुर आर्ट समिट का अंतर्राष्ट्रीय आर्ट कैंप

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( संजय खाबिया )।** बाघों के संरक्षण और जंगलों की महत्ता को रेखांकित करने के लिए जयपुर आर्ट समिट ने अपनी रचनात्मक पहल की है। जिसमें चित्तौड़गढ़ के पर्यावरणीय कलाकार डॉ.मुकेश शर्मा ने भाग लिया। रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में 22 से 26 जुलाई तक आयोजित पांच दिवसीय दूसरे अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय आर्ट कैंप का आयोजन किया गया , जिसमें देश-विदेश के 27 से अधिक कलाकार भाग लिया। यह आयोजन एस्ट्रल पाइप्स और आरटीडीसी के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

### 'बाघ बचाओ' को समर्पित इस कार्यर म में कलाकारों का लाइव पेंटिंग डेमोंस्ट्रेशन किया



जयपुर आर्ट समिट के संस्थापक निदेशक शैलेन्द्र कृष्ण भट्ट ने कि उनकी टीम पिछले तीन वर्षों से रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में भ्रमण कर रही है और यहां के वन्य जीवन, खासकर बाघों की उपस्थिति ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया है। भट्ट के अनुसार, यह सिर्फ कला शिविर नहीं, एक संवेदनशील प्रयास रहा है — उन वन रक्षकों को सम्मान देने का जो जंगलों की निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं। कैम्प के क्यूरेटर विजय कुमावत ने बताया कि कलाकार इस दौरान शिकार विरोधी जागरूकता, रचनात्मक इको-टूरिज़्म और बाघ संरक्षण परियोजनाओं को समर्थन देने जैसे संदेशों को अपनी कलाकृतियों में उकेरी , कार्यक्रम का उद्घाटन कानाराम जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सवाई माधोपुर, अनूप के. आर (मुख्य वन संरक्षक, रणथंभौर बाघ परियोजना, सवाई माधोपुर), मधुसूदन सिंह (उपनिदेशक, पर्यटन विभाग, सवाई माधोपुर), रामानंद भाकर (उप वन संरक्षक, रणथंभौर बाघ परियोजना प्रथम सवाई माधोपुर), डॉ. धर्मेंद्र खांडल निदेशक, टाइगर वॉच रणथंभोर), शैलेन्द्र भट्ट (संस्थापक निदेशक, जयपुर आर्ट समिट) रामनारायण कुमावत (समाजसेवी एवं कलाकार, सवाई माधोपुर) और विजय कुमावत (शिविर संयोजक) द्वारा कला शिविर का दीप प्रज्वलित कर विधिवत उदघाटन किया। इस कैम्प में भाग लेने वाले प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय और भारतीय कलाकार शामिल हैं विदेशों से - एनटीना अनास्तासियादौ (ग्रीस), विंसेंट सीट, टैन ली ली, शिवाली माथुर (सिंगापुर), रसिथा संजीवा, इसुरु सुरेन, के. डी. लक्ष्मण, ईशान गुनाथिलका (श्रीलंका)राजस्थान से - शरद भारद्वाज, डॉ.मुकेश कुमार शर्मा, सुनील जांगिड़, ताराचंद शर्मा, रवि माइकल, श्वेता माथुर, रश्मि राजावत, श्वेता नैना, ओमप्रकाश महावर, राजकुमार शाक्यवाल, विजय कुमावत अन्य राज्यों से - अमिता खरे, प्रतिमा श्रीवास्तव, हर्षित परिहार, गुलशन कुशवाह, आशी शर्मा, स्मिता भंडारी, शीतल आचार्य आदि ने भाग लिया ।

# बाड़ी में घनी आबादी में टावर का विरोध

## पालिका ईओ और एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, बोले-बिना अनुमति के हो रहा निर्माण

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )**बाड़ी शहर के वार्ड 11 में घनी आबादी के बीच मोबाइल टावर लगाने का लोगों ने विरोध किया। इस दौरान कॉलोनी के लोगों ने पालिका के ईओ और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।इस दौरान ज्ञापन में बताया कि जिस जगह पर मोबाइल टावर का निर्माण हो रहा है, वह घनी आबादी के बीच स्थित है। टावर लगाने के लिए बिना किसी अनुमति के घने पेड़ों को काट दिया गया है। कॉलोनीवासियों ने मामले की जांच और टावर निर्माण को रोकने की मांग की है।ज्ञापन में बताया- टावर लगाने वाली जगह पर वार्ड 11 में ऐतिहासिक हजरत अली की दरगाह बारह खंभा के पास सौ फुटा रोड पर है। यहां नई कॉलोनी बसी है और शहर के लिए स्वीकृत जिला अस्पताल का निर्माण कार्य भी चल रहा



है।कॉलोनी की महिला मिथिलेश कुमारी, वरिष्ठ नागरिक राजेंद्र कुमार, युवा पुनीत मंगल, शिवाकांत शर्मा, विकास शर्मा, पल्लव गर्ग सहित अन्य निवासियों ने चिंता जताई है। उनका कहना है कि मोबाइल टावर से निकलने वालेविकिरण और तरंगों का कॉलोनी के लोगों पर दुष्प्रभाव पड़ेगा।साथ ही चिंता जताई कि भविष्य में जब जिला अस्पताल संचालित होगा, तो वहां भर्ती मरीजों और मेडिकल स्टाफ पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि टावर निर्माण के लिए प्रशासन से कोई अनुमति नहीं ली गई है और न ही हरे पेड़ों को काटने की कोई प्रशासनिक अनुमति प्राप्त की गई है। इस मामले में एसडीएम कार्यालय और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल को ज्ञापन सौंपा है और जांच के साथ कार्रवाई की मांग की है।

# जैसलमेर जिले की 15 और गौशालाओं की जांच करेगी एसीबी -बैठक में गोपालन मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जिला स्तरीय एवं गोपालन विभाग की जांच में अपात्र पाई गई जैसलमेर जिले की 15 और गौशालाओं की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा जांच की जाएगी। गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने इस संबंध में सोमवार को शासन सचिवालय में आयोजित बैठक में यह निर्देश दिए। इस बैठक में पशुपालन विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा, एसीबी के डीआईजी श्री अनिल कयाल, गोपालन विभाग के डायरेक्टर श्री



प्रहलाद राय नागा, संयुक्त निदेशक (वैल्यू एडिशन) डॉ. मनोज कुमार शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि जिला कलेक्टर के निर्देश पर प्रथम चरण में 12 गौशालाओं में अनियमितता की जांच जिला स्तरीय कमेटी व गोपालन विभाग की टीम द्वारा की गई। दो अलग-अलग जांचों में इन 12 गौशालाओं में अनियमितता की पुष्टि के बाद मामला एसीबी को सौंपा गया। एसीबी की जांच में उक्त गौशालाओं में गलत तरीके से अनुदान प्राप्त करने की पुष्टि होने के बाद उनकी अनुदान राशि पर रोक लगा दी गई। इसके बाद जिला कलेक्टर के निर्देश पर जैसलमेर जिले की 15 और गौशालाओं की विभागीय स्तर पर जांच के बाद गड़बड़ी सामने आने पर उनकी जांच भी अब एसीबी से करवाने का गोपालन मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने निर्देश दिया है। गोपालन मंत्री श्री कुमावत ने बताया कि गौवंश की संख्या गलत दर्शाकर भुगतान उठाने के मामले सामने आने के बाद कुल 27 गौशालाओं को अनुदान के लिए अपात्र घोषित कर उन्हें ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी यदि किसी अन्य गौशाला में गड़बड़ी की शिकायत मिलती है तो उसे गंभीरता से लिया जाएगा। जैसलमेर जिले की 27 गौशालाओं में गड़बड़ी सामने आने के बाद गोपालन विभाग ने करीब 12 करोड़ रुपए की बचत की है।

# पर्यावरण, विकास और स्थिरता को साथ लेकर चलना हमारा प्रमुख उद्देश्य- अध्यक्ष, आरएसपीसीबी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल (आरएसपीसीबी) द्वारा सोमवार को भवन निर्माण के हितधारकों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन सेन्ट्रल फॉर एक्सीलेंस फॉर रेवेन्यू रिसर्च एंड एनालिसिस के सभागार में हुआ, जिसमें आरएसपीसीबी अध्यक्ष डॉ. रवि कुमार सुरपुर उपस्थित रहे। कार्यशाला में भवन कंस्ट्रक्शन एवं डिमोलिशन के दौरान होने वाली पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने के उपायों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गये। डॉ. सुरपुर ने अपने उद्बोधन में बताया कि पर्यावरण, विकास और स्थिरता को साथ लेकर चलना मंडल का प्रमुख कार्य है। इस दिशा में विभिन्न हितधारकों को ध्यान में रखते हुए




कार्यशालाओं का नियमित आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन कार्यशालाओं का मुख्य उद्देश्य व्यावहारिक समस्याओं का समाधान करना एवं संबंधित विषयों पर विशेषज्ञों से चर्चा करना है। अध्यक्ष, आरएसपीसीबी ने बताया कि मंडल माननीय मुख्यमंत्री की भावना और निर्देश के अनुक्रम में राजस्थान में ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस की दिशा में अपनी सार्थक भूमिका निभा रहा है। राज्य सरकार उद्योगों के विकास को प्रोत्साहित करते हुए निवेशकों की समस्याओं के त्वरित समाधान में सहयोग प्रदान कर रही है। इसी के तहत मंडल भी उद्योग प्रतिनिधियों के साथ मिलकर ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, जिसमें विकास और पर्यावरण संरक्षण दोनों को समान महत्व दिया जाता है।कार्यशाला में आरएसपीसीबी के सदस्य सचिव श्री एस पी सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान भवन निर्माण से जुड़ी क्रेडाई संगठन के पदाधिकारीगण, आशियाना, मंगलम, नाकोडा भैरव आदि बिल्डर्स के प्रतिनिधिगण, जेडीए, नगर निगम आदि विभागों के अधिकारीगण सहित मंडल के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यशाला में श्री रजनीश जैन, श्री अतुल शर्मा, डॉ. शिवराज ढाका व डॉ. संदीप श्रीवास्तव जैसे विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान हुए। सभी उपस्थित संगठन के पदाधिकारीगण तथा बिल्डर्स के प्रतिनिधिगण ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्ड़ल द्वारा बिल्डर्स और विभाग के मध्य किए गए संवाद कार्यक्रम की सराहना की तथा वर्तमान परिपेक्ष्य में इसकी आवश्यकता पर बल दिया।

# बीकानेर हाउस में आयोजित हुआ साप्ताहिक तीजोत्सव 2025, राजस्थानी व्यंजन, हस्तशिल्प वस्तुएं और परिधान बने आकर्षण का केन्द्र

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के प्रसिद्ध हरियाली तीज त्यौहार के अवसर पर नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में चल रहे साप्ताहिक तीजोत्सव में राजस्थानी व्यंजनों, हस्तशिल्प वस्तुओं और परिधानों के स्टॉल्स ने सभी दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया।तीजोत्सव में रूडा के श्री ओमप्रकाश ने बताया कि रूडा और राजीविका के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न अचंलों से आए हस्तकलाकारों ने अपनी हस्तकला से निर्मित उत्पादों यथा हेडब्लॉक बेडशीट, सूट, साड़ियों, कंगन और ज्वैलरी, मोजड़ियां, इत्यादि उत्पादों का प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त फूड स्टॉल्स पर भी दर्षकों ने राजस्थानी दाल-बाटी-चूरमा, मूंग की दाल, प्याज और दाल की कचैड़ी, घेवर, कैर-सांगरी की सब्जी आदि व्यंजनों का



स्वाद लिया।दर्शकों के मनोरंजन के लिए 30 जुलाई तक चलने वाले इस तीजोत्सव में सोमवार को पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य सरकार के अधिकारियों और कर्मचारियों सहित आगंतुकों ने भी हिस्सा लिया। रस्साकशी प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग की दो टीमें तैयार की गई जिसमें दोनों ओर से प्रत्येक वर्ग के 14 प्रतिभागियों ने भाग लिया। महिला वर्ग की टीमों का प्रतिनिधित्व सुश्री मेघा और डॉ. मंजीत कौर ने किया। इसी प्रकार पुरुष वर्ग की टीमों का प्रतिनिधित्व श्री गगनदीप सिंह और श्री आशीष शर्मा ने किया। इसी प्रकार एक अन्य खेल आयोजन लेमन-स्पून प्रतिस्पर्धा में विजेताओं सुश्री दीपा, अग्रिमा ओर सिद्धी को पुरस्कृत किया गया।दोनों खेल प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को अतिरिक्त आवासीय आयुक्त श्रीमती अंजू ओम प्रकाश, संयुक्त आवासीय आयुक्त श्रीमती रिंकू मीना और अतिरिक्त निदेशक श्रीमती शर्मिला गुप्ता ने पुरस्कृत किया। उत्सव को और अधिक आकर्षक एवं मनोरंजक बनाने के लिए राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा राजस्थानी सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के विभिन्न लोक कलाकारों द्वारा राज्य के प्रसिद्ध नृत्य और गायन प्रस्तुतियों प्रस्तुत कर उपस्थित जनमानस को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# सावन के तीसरे सोमवार को शहर में निकली महिलाओ की कावड़ यात्रा

## गंगा मईया बामनी नदी से पवित्र जल लाकर किया वरखंडी मंदिर पर भोले का अभिषेक

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ।** शहर में सावन के तीसरे सोमवार पर शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर कायस्थ पाड़ा मास्टर कॉलोनी स्थित बाबा बरखंडी महादेव मंदिर से जुड़ी महिलाओं ने कावड़ यात्रा निकाली। इस यात्रा में दर्जनों महिलाएं, छोटे बच्चे और बालिकाएं शामिल हुए। महिलाएं शहर से 5 किलोमीटर दूर सरमथुरा रोड पर स्थित राम दरबार पुरुषोत्तम दास आश्रम के पास बहने वाली बामनी नदी,जिसे बाड़ी की गंगा मैया भी कहा जाता है,से पवित्र जल भरकर लाईं। कावड़ यात्रा हाइवे 11 बी होते हुए शहर के मुख्य मार्गों से गुजरी और अंत में बरखंडी महादेव मंदिर पहुंची। वहां महिलाओं ने भोले के जयकारे लगाते हुए नृत्य किया और पवित्र जल से बाबा का अभिषेक किया।कावड़ यात्रा में शामिल महिला मनोरमा



शर्मा,सुनीता लवानिया और वार्ड पार्षद रीना हरदेनिया ने बताया कि उन्होंने पिछले सावन से इस यात्रा की शुरुआत की थी। इस बार यह उनका दूसरा आयोजन है। मंदिर से जुड़ी महिला कमेटी की पदाधिकारियों के साथ मोहल्ले की सभी महिलाओं ने अपने घर पर कावड़ बनाई और उसमें बाड़ी की गंगा कहलाने वाली बामनी नदी से पवित्र जल लाया गया।इस यात्रा में गुड्डी शर्मा, संगीता सोनी, ललिता समाधियां, संजू माथुर, मधु गौर, शालू सोनी, कमला हरदेनिया, सुनीता सोनी, ओमवती गोर, प्रेमवती शर्मा, रामस्नेही लवानिया, नीतू गोर, मधु गोर, मनु, अनुष्का, सोनम, यश सहित दर्जनों महिलाएं शामिल हुईं। आज शाम को कमलेश्वर महादेव मंदिर पर विशेष आयोजन होगा। श्रद्धालुओ द्वारा बाबा को विशेष श्रंगार करते हुए छप्पन भोग लगाए जाएंगे।

# प्रदेश में अब तक सामान्य से लगभग 88 प्रतिशत अधिक वर्षा

## अच्छी बारिश प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली का शुभ संकेत- कर्मभूमि से मातृभूमि और वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के नजर आने लगे सार्थक परिणाम - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा - मानसून में लबालब हुए प्रदेश के 226 बांध - खोले जा रहे हैं गेट, बह रही समृद्धि की धारा



बढ़ता राजस्थान

जयपुर। इस मानसून में प्रदेशभर में हो रही अच्छी वर्षा से बांध और जलाशय लबालब होकर छलकने लगे हैं। अब तक राज्य के कुल 226 बांध पूरी तरह भर गए हैं या ओवरफ्लो हो गए हैं। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने अच्छी बारिश पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली का शुभ संकेत है। इस बारिश से प्रदेश में चारों तरफ हरियाली छा गई है और खेतों में फसलें लहलहा रही हैं। जल स्त्रोतों की भराव स्थिति से किसानों सहित सभी वर्गों में उत्साह है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान तथा वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के सार्थक परिणाम अब नजर आने लगे हैं। बारिश का अतिरिक्त पानी कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के अंतर्गत बने रिचार्ज शाफ्ट और जल संरक्षण संरचनाओं के माध्यम से जमीन में जा रहा है और भूजल का पुनर्भरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत प्रवासी राजस्थानियों के सहयोग से अगले चार वर्षों में 45 हजार जल संरचनाएं बनाई जाएंगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी प्रकार प्रदेशभर में चलाए गए वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण और संचयन के कार्यों से भी वर्षा जल संग्रहण में मदद मिल रही है। इसके तहत जलाशयों की मरम्मत, सफाई, जल निकासी व्यवस्था में सुधार, अतिक्रमण हटाना, बांध क्षेत्रों में श्रमदान, पौधारोपण, जल संग्रहण और जल संरक्षण संरचनाओं सम्बंधित कार्य किए गए। इन प्रयासों से वर्षा जल सीधे जलाशयों में पहुंच रहा है।

शर्मा ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वर्षाकाल में विशेष सावधानी बरतें। भारी बारिश, आकाशीय बिजली एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए पूरी तरह सतर्क रहें। साथ ही, नदी-नालों के बहाव क्षेत्रों एवं जर्जर भवनों से दूर रहें तथा जल भराव वाले मार्गों व पुलों को पार करने से बचें।

# समस्या समाधान को लेकर मंगलवार को लगेगा बिजली विभाग का शिविर

## नए कनेक्शन के साथ डीसी, पीडीसी बिलों और बकाया का होगा निस्तारण, सोलर कनेक्शन के लिए भी लिए जाएंगे आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ।** शहर के धौलपुर रोड तिवरिया हनुमान मंदिर के पास स्थित सहायक अभियंता कार्यालय में मंगलवार को आमजन की समस्या के समाधान को लेकर एक शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नए कनेक्शन को लेकर मौके पर ही आवेदन पत्र प्राप्त कर कनेक्शन देने की कार्रवाई होगी साथ में डीसी,पीडीसी बिलों के बकाया को लेकर भी आइजीआर कमेटी के माध्यम से निस्तारण किया जाएगा। इसके अलावा सोलर कनेक्शन के लिए भी आवेदन लिए जायेगे। डिस्कॉम के सहायक अभियंता आरडी मीणा ने बताया कि आमजन की सुविधा को लेकर मंगलवार को यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सहायक अभियंता कार्यालय हनुमान मंदिर के पास लगाया जाएगा। जिसमें नए कनेक्शन की फाइल जमा होगी और कनेक्शन देने की कार्रवाई की जाएगी साथ में जिन उपभोक्ता पर डिस्कॉम की बकाया राशि चल रही है या उनके कनेक्शन डीसी,पीडीसी है उनके मामलो का भी निस्तारण किया जाएगा साथ में सोलर कनेक्शन के लिए भी आवेदन लिए जाएंगे। ऐसे में शहर के नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे उक्त शिविर का लाभ उठाएं और बिजली चोरी करने से बचे साथ में जिन घरो में बिजली कनेक्शन नहीं है वह बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन करें। और जिन पर डिस्कॉम का बकाया चल रहा है वह अपने मामले का निस्तारण कराये।

# गुमट तिकोनिया क्षेत्र में पालिका की संपत्ति को किराये पर देने का विरोध

## टेंडर के दौरान वार्ड पार्षदों का जमकर हंगामा,पालिका प्रशासन पर भ्रष्टाचार का आरोप, एसडीएम और जिला कलेक्टर को भेजा ज्ञापन,कार्यवाही नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी 28 जुलाई – शहर के नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगर पालिका की बेशकीमती संपत्ति को वार्षिक किराए पर दिए जाने को लेकर सूचना मिलते ही पार्षदों ने आक्रोशित होकर नगर पालिका कार्यालय पहुच हंगामा कर दिया और टेंडर प्रक्रिया को रुकवा दिया साथ मे मामले को लेकर एसडीएम भगवत शरण त्यागी और पालिका ईओ श्याम बिहारी गोयल को ज्ञापन सौपा जिसमे मामले की जांच के साथ कार्यवाही की मांग की है।

पार्षदों ने आरोप लगाया है कि नगर पालिका प्रशासन गुपचुप रूप से शहर के हाई प्रोफाइल स्थान गुमट तिकोनिया स्थित पालिका की करोड़ो की संपत्ति को मात्र कुछ किराए पर अपने




चहेतों को देना चाहता है। जिसको लेकर गुपचुप रूप से निविदा निकाली गई और आज सोमवार को उसका टेंडर किया जा रहा था। जिसमे एक दर्जन से अधिक दुकाने और तीन बड़े गोदामों का वार्षिक किराया एक लाख अस्सी हजार रखा गया। लेकिन बोली लगने से पूर्व ही उनको पता लग गया। वार्ड पार्षद और उनके प्रतिनिधि मंगल सिंह कुशवाहा,हरि पहाड़िया,गया प्रसाद कुशवाहा,हरदेव शर्मा, केदार,केशव, सुरेश चंद सहित कई अन्य पार्षद नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने उक्त मामले में हो रही टेंडर प्रक्रिया का विरोध करते हुए हंगामा खड़ा कर दिया पार्षदों ने आरोप लगाया की नगर पालिका प्रशासन और चेयरमैन और उनके प्रतिनिधि गुपचुप रूप से संपत्ति को खुद या अपने चहेतों को किराए पर दे रहे थे जिसमे टेंडर किया जा रहा था ऐसे में पार्षदों ने पालिका प्रशासन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। करोड़ो की सम्पत्ति को दो लाख से कम किराये पर देने की तैयारी – वार्ड पार्षद मंगल सिंह कुशवाहा ने बताया कि उक्त संपत्ति जिसमे एक दर्जन से अधिक दुकान और तीन बड़े गोदाम है वह शहर के व्यस्ततम एरिया है जिसकी कीमत करोड़ो में है। जिसे 2 लाख से भी कम वार्षिक किराए पर देने की योजना थी। यदि इस किराये को महीने के हिसाब से देखा जाये तो एक हजार रूपये प्रति दुकान आ रहा है जबकि यहां एक दुकान चार से पांच हजार रूपये किराये पर है। ऐसे में एक साल का वार्षिक कराया 18 से 20 लाख रुपये हो रहा है।

## उपखण्ड कपासन में राजकीय उ.प्रा. विद्यालय जितिया की जर्जर अवस्था को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त

### यहां 140 विद्यार्थियो एवं अभिभावकों में अंजाने हादसे का भय बना रहता है



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत छापरी के ग्राम जितिया में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में तीन कमरे एवं छत की अत्यंत जर्जर अवस्था होने पर सोमवार को ग्रामीणों एवं अभिभावकों द्वारा रोष व्यक्त करते हुवे ज्ञापन सौंपा गया। जानकारी अनुसार उपखण्ड क्षैत्र कपासन की ग्राम पंचायत छापरी के अंतर्गत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जितिया की अवस्था अत्यंत जर्जर होने से यहां अध्ययनरत विद्यार्थियो एवं शिक्षकों को अचानक अनहोनी का सामना करना पड़ सकता है।स्थानीय ग्रामीणों द्वारा समय समय पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को सूचित किया जाता रहा है।मगर चहुंओर व्याप्त कुंभकर्णीय निंद्रा के चलते उक्त विद्यालय में सुधार नहीं हो पाने से ग्रामीणों में तीव्र रोष व्याप्त है।जिसके अंतर्गत तीन कमरे एवं छत की जर्जर अवस्था को लेकर चिंतित ग्रामीण एवं विद्यार्थियो के अभिभावको द्वारा विद्यालय पहुंचकर रोष व्यक्त किया गया।साथ ही विद्यालय प्रशासन से उक्त जर्जर कमरों को सही कराने एवं नवीन कक्षों के निर्माण की मांग की गयी।यहां विद्यालय में तीन कमरे अत्यन्त क्षतिग्रस्त अवस्था में है।जिससे हर समय अनहोनी का भय बना रहता है।उक्त राजकीय विद्यालय परिसर में स्थित कमरों का प्लास्तर गिरकर सरिये बाहर निकल आये है।विद्यालय परिसर में 6 अन्य कमरे पट्टियों से निर्मित है।वहां भी छत से पानी टपक रहा है। गौरतलब है उपखण्ड क्षैत्र कपासन की ग्राम पंचायत छापरी के ग्राम जितिया स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में करीब 140 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। यहां कक्षा कक्षों के अभाव में पहले से शिक्षण व्यवस्था का सुनियोजित संचालन नहीं हो पा रहा है।ऐसे में जर्जर विद्यालय परिसर में अंजाने हादसे का भय बना रहता है।जिससे विद्यार्थियो का शिक्षण कार्य प्रभावित होने से परेशानी बनी रहती है।इससे पूर्व भी ग्रामीणों द्वारा शिक्षा विभागीय उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया।मगर समाधान पर ध्यान नहीं दिया गया।उक्त विद्यालय के खेल मैदान हेतु 4 बीघा भूमि आंवटित है।लेकिन उस पर भी अतिक्रमण पसरा है।जिसे हटाने की मांग की गयी है। इस दौरान सूचना मिलने पर तहसीलदार कपासन नासिर बेग मिर्जा मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों द्वारा रोष व्यक्त करते हुवे विद्यालय संबंधी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।साथ ही ग्रामीणों द्वारा पत्र प्रेषित कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा,शिक्षा मंत्री मदन दिलावर,सांसद सीपी जोशी, क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर से राजकीय विद्यालय जितिया संबंधी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने की मांग की गयी है। इस मौके पर पर छापरी सरपंच प्रतिनिधि सोहनलाल भील, प्रेमपुरी गोस्वामी,प्रकाशचन्द्र शर्मा,ऊंकार जाट, प्रकाश जैन,गोवर्धनपुरी,कैलाश नायक,शांतिलाल जाट,सत्यनारायण शर्मा,सुरेश गाडरी,किरण नायक, उदयराम लौहार,राजू रावल,जगदीश जाट,रोशनलाल सहित स्थानीय ग्रामवासी एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों में स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़ाना एवं वायरल हेपेटाइटिस जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से सोमवार को जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली नर्सिंग छात्रों द्वारा शहर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई। रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी.पी. गोस्वामी एवं प्राचार्य पीएमओ डॉ. अरुण गोड ने महात्मा गांधी चिकित्सालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित छात्रों व स्वास्थ्यकर्मियों को हेपेटाइटिस की रोकथाम एवं समय पर जांच व उपचार के लिए प्रेरित किया।

## पंचमुखी मोक्षधाम में स्थित जिम की छत जर्जर, हादसे का डर



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** शहर के दादाबाड़ी क्षेत्र में पंचमुखी मोक्षधाम के अंदर लक्ष्मण उद्यान में जिम की छत अत्यंत जर्जर हालत में है, जिससे यहां व्यायाम करने आने वाले लोगों व बच्चों पर कभी भी बड़ा हादसा होने का खतरा मंडरा रहा है। यह जिम स्थानीय लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा है, लेकिन इसकी वर्तमान स्थिति को देखते हुए सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं उत्पन्न हो गई हैं। जिम की छत से प्लास्टर गिर रहा है और कई जगहों पर दरारें आ गई हैं, जो स्पष्ट रूप से इसकी कमजोर संरचना का संकेत देती हैं। बारिश के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिससे छत गिरने का जोखिम बढ़ जाता है। जिम में रोजाना बड़ी संख्या में लोग, जिनमें युवा और बुजुर्ग दोनों शामिल हैं, व्यायाम करने आते हैं। ऐसे में अगर छत गिरती है तो जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता है। मसानिया भैरुनाथ मंदिर के युवा अध्यक्ष रवि कुमार सोलंकी व स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से इस गंभीर मुद्दे पर तत्काल ध्यान देने और छत की मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस पर कार्रवाई नहीं की गई, तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है, जिसके लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा। वर्ष 2000 में इस जिम का उद्घाटन हुआ था।

### उर्स के सफल आयोजन हेतु विभिन्न कमेटियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी

## प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह के 84वें तीन रोजा उर्स में व्यवस्थाओं के माकूल प्रबंध हेतु युद्ध स्तर पर तैयारिया जारी

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. के 84वें तीन रोजा उर्स की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी है।साथ ही मेले में व्यवस्थाओं के माकूल प्रबंध को लेकर विभिन्न कमेटियों का गठन कर जिम्मेदारी सौंपी गयी। दरगाह वक्फ कमेटी कपासन सैक्रेट्री मोहम्मद अब्बास अशरफी ने बताया कि बाबा हुजूर का 84वां तीन रोजा उर्स 1 अगस्त से शुरू तथा 3 अगस्त जोहर की अज़ान से पूर्व कुल की फातिहा के साथ समापन होगा। उक्त तीन दिवसीय उर्स मेले में जायरीनों हेतु व्यवस्थाओं के माकूल प्रबंध को लेकर दीवाना शाह दरगाह कमेटी एवं कार्यकर्ता युद्ध स्तर पर तैयारियों में जुटे हुवे हैं।साथ ही मेले की समस्त व्यवस्थाओं को सुनियोजित अंतिम रूप प्रदान करने हेतु विभिन्न कमेटियों का गठन कर मेले की व्यवस्थाओं संबंधी जिम्मेदारियां सौंपी गयी है। जिसमे मेला परिसर अब्दुल वहीद अंसारी, मंसूर अहमद ओठवाल, हाजी शब्बीर हुसैन पुंवार, मंजूर खां पठान, अब्दुल रज्जाक मंसूरी, इमरान मेवाती, अख्तर हुसैन पखरवट, लंगर खाना व्यवस्था में नूर मोहम्मद छीपा,नदीम हुसैन शेख, मो. अकरम छीपा, उस्मान छीपा, रशीद अहमद छीपा, मो. आरिफ छीपा,मो. रियाज छीपा, मलिक अहमद छीपा, अब्दुल लतीफ मंसूरी, आवास व्यवस्था में मो. यासीन खां अशरफी, मो. इस्माईल अशरफी, इकबाल हुसैन भाटी, लाईट-टेंट व्यवस्था असलम शेख, हाजी अब्दुल करीम पोड, हाजी अहमद नूर खां जाहिद पखरवट, सुरक्षा व्यवस्था में अशफाक हुसैन तुर्किया,मो. इसराफील अशरफी, मो. राफे अशरफी, मो. सोहेल अशरफी, जल व्यवस्था में हाजी अब्दुल रहमान मंसूरी, हाजी शराफत भाटी, मो. हुसैन पठान, महफिल खाना व्यवस्था में मो. अब्बास अशरफी, हाजी अब्दुल शकूर, मंसूर अहमद अशरफी, इब्राहिम टेलर, प्रचार-प्रसार व्यवस्था में सैयद अख्तर अली बुखारी, सैयद ऐजाज अली, अकरम मंसूरी, देग व्यवस्था में हाजी जैनुद्दीन अंसारी, जाकिर हुसैन अंसारी, हाजी हारून पौड़, अब्दुल वहाब तुर्किया, जमील भाटी, हाजी अब्दुल करीम पुंवार, मो. रफीक कव्वाल, पूर्व नपा मो. हारून, हाजी मुख्तार पखरवट, मो. यासीन सन्ना, रशीद तुर्किया, रफीक पौड़, जानकारी संपर्क कार्यालय में हाजी शरीफ मेवाती, डॉ. तनवीर खां अशरफी, डॉ. जावेद अशरफी, मो. सलीम भाटी, मो. इफ्तेखार अशरफी, मो. शाहरूख अशरफी, सफाई व्यवस्था में महबूब शाह, हाजी याकूब खां पठान, नईम दरगाह मुलाजिम, स्वागत कमेटी में अनवर अहमद छीपा, हाजी मुबारिक हुसैन शैख, मो. इरफान सिलावट, वाहीद अशरफी, इकबाल रंगरेज, अब्दुल गफ्फार खां, सीसी टीवी केमरा एवं मेटल डिटेक्टर में मो. सलीम डायर, सैयद सोहेल अली, मो. शरीफ भाटी सहित अन्य व्यवस्थाओ हेतु जुल्फिकार अंसारी, मुस्तकीम अहमद अंसारी, अकरम भेका, सैयद रोशन अली बुखारी, मो. कलीम मंसूरी को कमेटी में नियुक्त कर जिम्मेदारी सौंपी गयी।





## डिप्टी सीएम ने वार्ड 22 के नर्बदेश्वर महादेव मंदिर में किया सहस्त्रधारा अभिषेक



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा श्रावण मास के पावन अवसर पर 70 वार्डों के 70 मंदिरों में 70 अभिषेक कार्यक्रम के सत्रहवें दिन वार्ड 22 के अंतर्गत आजादनगर एफ सेक्टर में नर्बदेश्वर महादेव मंदिर में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने महापौर राकेश पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के साथ भगवान महादेव का पूजन एवं सहस्त्रधारा अभिषेक कर समस्त प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और मंगलमय जीवन की शिवचरणों में कामना की। पंडित योगेन्द्र शास्त्री ने विधिवत पूजा अर्चना संपन्न कराई। इस अवसर पर डिप्टी सीएम बैरवा ने कहा कि शहर के विकास एवं खुशहाली की कामना के साथ सनातन संस्कृति और परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नगर निगम का 70 वार्डों के 70 मंदिरों में अभिषेक का आयोजन सराहनीय प्रयास है। कार्यक्रम में प्रताप मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह राव, संयोजक ओम साईंराम, रोहित गगरानी, अनुराग गगरानी, अंशिका माहेश्वरी, राधेश्याम अजमेरा, गोपाल समदानी, प्रमोद पोरवाल, धनपत चंडालिया, सुरेंद्र छिपा, गोपाल शर्मा, सुरेश शर्मा, महेंद्र पोखरना, प्रमोद अग्रवाल, देवलाल शर्मा, बालकिशन शर्मा, मुकेश काकाणी, मंजू छिपा, प्रेमदेवी शर्मा सहित वार्डवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### वार्ड 7 और 13 में भी हुआ सहस्त्रधारा अभिषेक

नगर निगम के अंतर्गत वार्ड 7 में पीपलेश्वर महादेव मंदिर एवं वार्ड 13 के मंशापूर्ण महादेव मंदिर में सहस्त्रधारा अभिषेक संपन्न हुआ। इस अवसर पर पार्षद नरेश जाट, महिपाल सिंह, धारा सिंह, ओम सिंह, जगदीश सुथार, नारायण गाडरी, महेंद्र सिंह, कुलदीप शर्मा, रमेश सेन, रामप्रसाद प्रजापत, मनोहर मीणा, संजय शर्मा, राजेंद्र शर्मा, गजेंद्र सिंह, राहुल त्रिवेदी, विजय शर्मा, माधव लाल सोलंकी, रामेश्वर माली, ललित शर्मा, लादूलाल शर्मा, संजय सोमानी, मुकेश भट्ट, बद्रीलाल, जगदीश साहू सहित अनेक वार्डवासी उपस्थित रहे।

## हज यात्रा 2026 हेतु आयोजित शिविर में कपासन से 21 लोगों ने आवेदन किया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** हज यात्रा 2026 की आवेदन प्रक्रिया को लेकर सोमवार को नगर कपासन में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 21 हाजियों द्वारा आवेदन किये गये। जानकारी अनुसार भारत सरकार द्वारा आयोजित हज यात्रा 2026 के हज आवेदन 7 से 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किये जा रह है।जिसके अंतर्गत दीवाना शाह माध्यमिक विद्यालय कपासन में 1 दिवसीय हज आवेदन (फार्म) भरने इत्यादि प्रक्रिया को लेकर शिविर का जिला हज खिदमत कमेटी चितौड़गढ़, कपासन एवं निंबाहेड़ा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित उक्त एक दिवसीय शिविर में क्षैत्र के 21 लोगों द्वारा हज यात्रा के लिए आवेदन किया गया। जिसमें 10 पुरुष व 11 महिला शामिल हैं। इस दौरान हज यात्रा 2026 के आवेदनकर्ताओं में दीवान शाह दरगाह कपासन के नायब सदर मोहम्मद यासीन खान एवं सेकेट्री मोहम्मद अब्बास मंसूरी, शकूर खा सिंधियो का खेड़ा, सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी मुंशी मुहम्मद आदि गणमान्यजनों द्वारा हज यात्रा हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये। इस शिविर के आयोजन में हज खिदमत कमेटी कपासन के सदस्य सय्यद अख्तर अली, याकूब खान पठान, इस्राफील मंसूरी, सय्यद शरीफ अली, यूनुस अंसारी, अकरम मंसूरी, हज खिदमत कमेटी निंबाहेड़ा सदर मतलूब अजमेरी, सचिव हाजी अख्तर पटेल, अनीस अहमद शेख, इमरान खान, जमील खान भाया बैट्री आदि कार्यकर्ताओं द्वारा हज आवेदन प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया गया। इधर हज खिदमत कमेटी कपासन सदस्य सय्यद अख्तर अली ने बताया कि इस वर्ष चित्तौड़गढ़ जिले से अभी तक 96 हज फार्म भरे गये हैं। जिसमें कपासन 23, चित्तौड़गढ़ 20, निंबाहेड़ा 15, सावा 4, बेगू 10, बांसी 2,बाड़ी 2, भदेसर 2, रावतभाटा 2 एवं बस्सी से 16 आवेदन भरे गये है। यहां उक्त आवेदन संख्या विगत वर्ष की तुलना में बड़ी है। विगत वर्ष में जिले से कुल 48 यात्री हज यात्रा पर गये थे।

## नरेश मीणा की रिहाई की मांग को लेकर मीना समाज ने दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** आदिवासी मीना सेवा संस्थान की ओर से नरेश मीणा की रिहाई को सोमवार को मुख्य मंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया कि मनोहर थाना पिपलोदी स्कूल हादसे में मृतक हादसे में मृतक सभी बच्चो के परिवार वालो को एक एक करोड़ रूपये एंव किसी भी परिवार के सदस्य को स्थाई नौकरी दिलवाई जावे एंव हादसे में घायल बच्चो के परिवार वालो को 50-50 लाख रूपये दिलवाने के अति शीघ्र आदेश फरमावे। मनोहर थाना पिपलोदी स्कूल की हादसे की न्यायिक जॉच कर दोषी व्यक्तियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जावे। अस्तपाल अधीक्षक अशोक शर्मा द्वारा नरेश मीना के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने का मुकदमा अनुचित है। जबकि नरेश मीना स्कूल हादसे में मृतक बच्चो एंव घायल छात्र-छात्रो के परिवार वालो से मिलने एंव घायलो के हाल चाल जानने एंव आर्थिक सहायता व सरकारी नौकरी की जायज मांग कर रहे थे। लेकिन अस्पताल अधीक्षक द्वारा राजनैतिक दबाव में अधीक्षक द्वारा झूठा मुकदमा दर्ज करवाया है। जबकी वहां कई संगठनो के लोग धरने पर बैठे थे। परन्तु एफ.आई.आर मात्र नरेश मीणा के खिलाफ राजनैतिक षड़यंत्र पूर्वक दर्ज करवाया गया है। साथ ही कुछ लोगो द्वारा नरेश मीणा के खिलाफ सोशल मिडिया में विडियो बनाकर वायरल किया गया है। जिसमें गालिया निकाल कर नरेश मीणा की छवि को धुमिल किया जा रहा है। जिससे मीणा समाज आहत है। वे ऐसे लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग करते है। ज्ञापन के दौरान अध्यक्ष आशाराम मीना, सचिव राजेन्द्र आचार्य, सभाध्यक्ष रामसहाय मीना सहित कई लोग मौजूद रहे।

## पवित्र श्रावण मास के तृतीय सोमवार को कपासन के प्रसिद्ध श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर भक्तों एवं मंशापूर्ण महादेव व्रतधारियों का तांता लगा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** भगवान भोलेनाथ की भक्ति के पवित्र श्रावण मास के तृतीय सोमवार को क्षेत्रीय शिवालयों पर शिवभक्तों एवं श्री मंशापूर्ण महादेव व्रतधारियों का हुजूम बना रहा। यहां भक्तों में पूजा-अर्चना के साथ हर हर महादेव इत्यादि जयकारे गुंजायमान रहे। जानकारी अनुसार अखंड ब्रह्मांड के राजा देवो के देव महादेव की भक्ति एवं आराधना के पवित्र श्रावण मास के तृतीय सोमवार को समस्त क्षेत्रीय शिवालयों सहित नगर कपासन में स्थित प्रसिद्ध श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर शिव जी की पूजा-अर्चना एवं आराधना हेतु श्रद्धालुओं का तांता हर हर महादेव इत्यादि जयकारों के साथ लगा रहा।साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा श्री सोमेश्वर महादेव को जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक,फूल, माला, अगरबत्ती, चंदन, इतर, बिल्वपत्र इत्यादि पूजन सामग्री अर्पित करने के साथ पूजा-अर्चना करने का क्रम बना रहा। इधर भगवान श्री शिवशंभू भोलेनाथ की भक्ति एवं आराधना के पवित्र श्रावण मास के तृतीय सोमवार को श्री मंशापूर्ण महादेव व्रतधारियों का शिवालयों पर हुजूम बना रहा।पवित्र श्रावण मास के तृतीय सोमवार से श्री मंशापूर्ण महादेव व्रत प्रारंभ होने से शिवालयों एवं धार्मिक स्थलों पर भक्तों की रेलमपेल बनी रही। उल्लेखनीय है कि मंशापूर्ण महादेव व्रत सावन शुक्ल पक्ष चतुर्थी 28 जुलाई सोमवार को लिया गया है। जिसमें व्रतधारियों द्वारा अपनी समस्त मंशाओं को पूर्ण करने हेतु महादेव से कामना की जाती है। साथ ही पूर्ण आस्था एवं नियमानुसार उक्त व्रत को पूर्ण किया जाता है। मंशापूर्ण महादेव व्रत कार्तिक शुक्ल चतुर्थी तक पूर्ण होते है। इसी क्रम में कपासन नगर में स्थित प्रसिद्ध श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर मंशापूर्ण महादेव व्रतधारियों द्वारा 1 रु. का



सिक्का, काची, सूट, बड़ी सुपारी के साथ नमः शिवाय का जाप करते हुवे प्रतीकात्मक भोलेनाथ का निर्माण कर पूजा-अर्चना की गयी। जिसमे श्री मंशापूर्ण महादेव व्रतधारियों द्वारा अबीर गुलाल, लच्छा, चावल, कच्चा सूत,चित्र सुपारी, जनेव अर्पित कर भगवान श्री सोमेश्वर महादेव एवं माता पार्वती की पूजा अर्चना एवं आराधना कर आशीष लिया गया।

"अगर वास्तविकता को देखना है तो इच्छाओं को त्याग दो, अगर मिथ्या देखना है तो इच्छाओं को रहने दो।"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# योगी आदित्यनाथ ने तोड़ा गोविंद बल्लभ पंत का 8 साल 127 दिन का रिकॉर्ड, सबसे लंबे कार्यकाल वाले सीएम बने योगी

बढ़ता राजस्थान

**लखनऊ ( एजेंसी )।** देखा जाये तो योगी आदित्यनाथ का यह कार्यकाल न सिर्फ राजनीतिक स्थिरता का प्रतीक है, बल्कि शासन के प्रत्येक क्षेत्र में सुधार, पारदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ विकास की गति को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जाने वाला कालखंड भी है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित करते हुए राज्य के सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त किया है। उन्होंने स्वतंत्र भारत के पहले मुख्यमंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत का 8 वर्ष 127 दिन का रिकॉर्ड तोड़ते हुए अब तक 8 वर्ष 4 माह और 10 दिन का प्रभावी कार्यकाल पूरा कर लिया है। देखा जाये तो यह कार्यकाल केवल समय की गणना नहीं, बल्कि एक युग परिवर्तन की गाथा भी है। उत्तर प्रदेश में तीन वर्ष से ज्यादा मुख्यमंत्री पद पर रहे अन्य मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल पर नजर डालें तो सामने आता है कि गोविन्द वल्ल्भ पंत 8 वर्ष 127 दिन मुख्यमंत्री रहे, मायावती 7 वर्ष 127 दिन मुख्यमंत्री रहीं, मुलायम सिंह यादव 6 वर्ष 274 दिन राज्य के मुखिया रहे, संपूर्णानंद 5 वर्ष 345 दिन सीएम पद पर रहे, अखिलेश यादव 5 वर्ष 4 दिन तक मुख्यमंत्री रहे और नारायण दत्त तिवारी 3 वर्ष 314 दिन तक मुख्यमंत्री रहे। लेकिन अब योगी ने सबका रिकॉर्ड तोड़ दिया है।देखा जाये तो योगी आदित्यनाथ का यह कार्यकाल न सिर्फ राजनीतिक स्थिरता का प्रतीक है, बल्कि शासन के प्रत्येक क्षेत्र में सुधार, पारदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ विकास की गति को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक



ले जाने वाला कालखंड भी है। अपराध और अराजकता से जूझते यूपी को मुख्यमंत्री योगी ने %नए उत्तर प्रदेश% में बदलने का काम किया, जहां कानून का राज सर्वोपरि है और शासन व्यवस्था सुशासन का पर्याय बन चुकी है।हम आपको बता दें कि विगत आठ वर्षों में योगी सरकार ने प्रदेश को बुनियादी ढांचे, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में नए आयाम दिए हैं। गोरखपुर से एम्स की स्थापना हो, पूर्वांचल-एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे या फिल्म सिटी जैसे कई मेगा प्रोजेक्ट्स इसके उदाहरण हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, मुफ्त राशन वितरण, उज्ज्वला योजना, कन्या सुमंगला और मिशन शक्ति जैसी योजनाओं के माध्यम से राज्य के करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। इतिहास की इस निर्णायक घड़ी में, योगी आदित्यनाथ न केवल उत्तर प्रदेश के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले मुख्यमंत्री बने हैं, बल्कि एक ऐसे नेता के रूप में स्थापित हुए हैं, जिन्होंने 'राज्य को राष्ट्र निर्माण का अग्रदूत' बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं।

हम आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश, जो भारत का सबसे बड़ा जनसंख्या वाला राज्य है, लंबे समय तक विकास के सूचकांकों पर पिछड़ता हुआ माना जाता रहा है। किंतु 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद राज्य ने शासन, कानून-व्यवस्था, बुनियादी ढांचे, निवेश और सामाजिक योजनाओं के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। साथ ही, अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण कार्य और काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर जैसे प्रोजेक्ट्स ने राज्य की धार्मिक पहचान को भी सशक्त बनाया। योगी के कार्यकाल में पर्यटन में भी वृद्धि हुई, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा हुए। देखा जाये तो इसमें कोई दो राय नहीं कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने कानून-व्यवस्था, बुनियादी ढांचा, निवेश, सामाजिक योजनाओं और सांस्कृतिक पुनर्जागरण जैसे क्षेत्रों में ठोस उपलब्धियां हासिल की हैं। परन्तु अभी भी शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाने की चुनौती शेष है, लेकिन राज्य की विकास गति ने यह संकेत दे दिया है कि उत्तर प्रदेश अब केवल 'संभावनाओं का राज्य' नहीं, बल्कि एक उभरता हुआ विकास मॉडल बन चुका है।

## टैगोर की धरती से ममता ने छेड़ा दूसरा भाषा आंदोलन

### बोलीं- अपनी अस्मिता और मातृभाषा को नहीं भूल सकते



बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता ( एजेंसी )।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाली प्रवासियों पर हमलों के खिलाफ भाषा आंदोलन की शुरुआत की, अपनी अस्मिता और मातृभाषा को न भूलने का आह्वान किया। रवींद्रनाथ टैगोर की भूमि बोलपुर में हुए इस प्रतीकात्मक विरोध मार्च को उन्होंने 1952 के ऐतिहासिक ढाका भाषा आंदोलन से जोड़ा। यह पहल बंगाली पहचान और सांस्कृतिक विरासत पर जोर देती है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अन्य राज्यों में बंगाली प्रवासियों पर कथित हमलों के खिलाफ बोलपुर में विरोध मार्च किया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि आप सबकुछ भूल सकते हैं, लेकिन आपको अपनी 'अस्मिता', मातृभाषा, मातृभूमि नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं किसी भी भाषा के खिलाफ नहीं हूँ, मेरा मानना है कि विविधता में एकता ही हमारे राष्ट्र की नींव है। उन्होंने कहा कि अगर हम बंगाल में 1.5 करोड़ प्रवासी मज़दूरों को आश्रय दे सकते हैं, तो आप दूसरे राज्यों में काम कर रहे 22 लाख बंगाली प्रवासियों को क्यों नहीं स्वीकार कर सकते।

भावनाओं और प्रतीकों से भरपूर यह विरोध मार्च 'टूरिस्ट लॉज' चौराहे से शुरू हुआ और नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की भूमि पर तीन किलोमीटर की दूरी तय कर जम्बोनी बस अड्डे पर समाप्त हुआ। हाथ में टैगोर का चित्र लिए हुए ममता ने सड़क के दोनों ओर खड़ी भीड़ का अभिवादन करते हुए रैली का नेतृत्व किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रतुल मुखोपाध्याय का प्रतिष्ठित विरोध गान ''अमी बांग्लाय गान गाई'' गाया, जबकि सफेद और लाल साड़ियां पहने महिलाओं ने शंख बजाया, जिससे रैली में एक विशिष्ट बंगाली संस्कृति का रंग भर गया। ममता ने अपनी जानी-पहचानी सूती साड़ी और शांतिनिकेतन स्थित विश्वभारती का पारंपरिक दुपट्टा पहन रखा था। उनके साथ वरिष्ठ तृणमूल नेता और मंत्री थे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि टैगोर की भूमि और बंगाल के सांस्कृतिक केंद्र बोलपुर को चुना जाना एक गहरे प्रतीकात्मक महत्व को दर्शाता है। ममता ने पिछले हफ्ते तृणमूल कार्यकर्ताओं से 28 जुलाई से एक नए आंदोलन के लिए तैयार रहने की अपील की थी और उन्होंने इसे दूसरा 'आंदोलन' कहा था, जो ढाका (तब पूर्वी पाकिस्तान में) में 1952 के ऐतिहासिक विरोध प्रदर्शन के समान है, जहां छात्रों ने बांग्ला को पाकिस्तान की आधिकारिक के रूप में मान्यता देने की मांग करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया था।

## कंबोडिया ने थाईलैंड के साथ युद्धविराम की घोषणा की

### अमेरिका और चीन ने मध्यस्थता की; जंग में अब तक 30 से ज्यादा मौतें



बढ़ता राजस्थान

**बैंकॉक/नोम पेन्ह ( एजेंसी )।** कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट (बाएं), मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम (बीच में) और थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथम वेचायाचाई (दाएं) सीजफायर की घोषणा के बाद तस्वीर खिंचाते हुए।कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने थाईलैंड के साथ चल रहे सीमा विवाद में युद्धविराम की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव को कम करने के लिए तत्काल लड़ाई रोकने की उम्मीद है।चीन और अमेरिका ने इस सीजफायर में मध्यस्थता की है। दोनों देशों के बीच मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर आज शांति वार्ता हुई।इस बैठक में थाईलैंड की तरफ से कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथम वेचायाचाई और कंबोडिया की तरफ से प्रधानमंत्री हुन मानेट ने हिस्सा लिया। इस बैठक की अध्यक्षता मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने कीदोनों देशों के बीच सीमा विवाद के चलते बीते दिनों में भारी गोलीबारी हुई है। इसमें 33 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में ज्यादातर आम नागरिक शामिल हैं।मलेशिया इस समय दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठनकी अध्यक्षता कर रहा है। उसने दोनों देशों को बातचीत की मेज पर बुलाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को कहा था कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच संघर्ष को सुलझाना उनके लिए आसान काम है, क्योंकि उन्होंने पहले भारत और पाकिस्तान के बीच का विवाद भी सुलझाया है।

## राजस्थान के मेडिकल कॉलेजों की 5418 सीटों पर एडमिशन शुरू:आज से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं, उदयपुर की गीतांजलि कॉलेजों में नहीं होगा एडमिशन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस और बीडीएस करने वाले स्टूडेंट्स, जिन्होंने नीट-यूजी का एन्ट्रेंस पेपर क्लियर कर लिया है। उनकी काउंसलिंग के लिए आज से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई। प्रदेश के 42 मेडिकल कॉलेजों की 5418 एमबीबीएस सीटों पर एडमिशन दिया जाएगा। हालांकि इसमें उदयपुर की गीतांजलि मेडिकल कॉलेज की एमबीबीएस सीटों पर इस बार एडमिशन नहीं होगा।

राज्य में काउंसलिंग के लिए एसएमएस मेडिकल कॉलेज में चेयरमैन का ऑफिस बनाया है। पहले चरण की काउंसलिंग में शामिल होने के लिए स्टूडेंट 28 जुलाई से 1 अगस्त तक रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे और रजिस्ट्रेशन करवाने, फीस जमा करवाने सहित तमाम प्रक्रिया पूरी होने के बाद 10 अगस्त को पहले राउंड की सीटों का आवंटन किया जाएगा। इसके बाद 14 अगस्त तक स्टूडेंट्स को ज्वाइनिंग के लिए रिपोर्टिंग करने का समय दिया जाएगा।

इन सरकारी और प्राइवेट कॉलेजों में सबसे ज्यादा सीटें

सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज जयपुर, एस.एन. मेडिकल कॉलेज जोधपुर और एस.पी. मेडिकल कॉलेज बीकानेर इन



तीनों सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 208-208 सीटों पर एडमिशन दिया जाएगा, जो सबसे ज्यादा सीटों वाले मेडिकल कॉलेज है। प्राइवेट कॉलेजों में निम्स मेडिकल कॉलेज जयपुर, महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज जयपुर और जेएनयू इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंस एंड रिसर्च सेंटर जयपुर में 212-212 सीटें हैं।

फर्जी फेकल्टी दिखने के विवाद के बाद गीतांजली कॉलेज काउंसलिंग से बाहर

नेशनल मेडिकल कौंसिल (एनएमसी) ने राजस्थान की गीतांजली मेडिकल कॉलेज इस सेशन में एडमिशन से बाहर कर दिया है। पिछले दिनों हृस्ष्ट ने नियमों की पालना नहीं करने को लेकर कॉलेज प्रशासन को नोटिस जारी किया था। इसमें फेकल्टी मेम्बर्स (पढ़ाने वाले टीचर्स) के फॉर्म-16 समेत इनकम टैक्स से जुड़े तमाम दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे।

सूत्रों के मुताबिक हृस्ष्ट को संदेह हुआ था कि उदयपुर कॉलेज में जो फेकल्टी है वह नियमानुसार नहीं है। इसे देखते हुए कॉलेज की 250 एमबीबीएस सीटों का रिन्युअल नहीं किया गया। आपको बता दें कि इससे पहले पिछले शैक्षणिक सत्र 2024-25 में भी कॉलेज पर ?नियमों की पालना नहीं करने पर हृस्ष्ट ने 10 लाख रुपए की पेनल्टी लगाई थी। पेनल्टी लगाने के बाद ही कॉलेज के सीटों का सशर्त ?रिन्युअल किया गया था।

150 सीट के लिए चाहिए 114 से ज्यादा डॉक्टर्स

नियमों के मुताबिक किसी भी मेडिकल कॉलेज में अगर 150 सीटों का आवंटन होता है तो उससे पहले कॉलेज प्रशासन को 114 फेकल्टी मेंबर्स समेत कुल 146 डॉक्टर्स की नियुक्ति करनी पड़ती है। इसमें 19 प्रोफेसर, 40 एसोसिएट प्रोफेसर, 55 असिस्टेंट प्रोफेसर के अलावा 32 ट्यूटर या डेमोस्टेटर और 58 सीनियर रेजिडेंट (एसआर) होने जरूरी है।

बीडीएस की 1342 सीटों के लिए रजिस्ट्रेशन

प्रदेश के 29 डेंटल कॉलेजों की 1342 सीटों पर एडमिशन के लिए भी आज से रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए। इसमें 1162 सामान्य सीटें है, जबकि 180 मैनेजमेंट कोटे की सीटें है।

## चिदंबरम बोले-कैसे पता चला कि पहलगाम आतंकी पाकिस्तान से आए

### एनआईए के पास इसका क्या सबूत; हमलावर देश के भी तो हो सकते हैं



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम का पहलगाम हमले पर 2 दिन पहले दिए बयान पर विवाद हो गया है। उन्होंने कहा था कि कैसे पता कि आतंकी पाकिस्तान से आए थे। कांग्रेस के पूर्व वित्त मंत्री का यह बयान संसद में पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर सदन में चर्चा के कुछ घंटे पहले आया। चिदंबरम ने शनिवार को एक इंटरव्यू में कहा, 'वे (एनआईए) यह बताने को तैयार नहीं हैं कि इन हफ्तों में उन्होंने क्या किया? क्या ह्व ने आतंकवादियों की पहचान की है या यह पता लगाया है कि वे कहां से आए थे? क्या पता, वे देश के ही आतंकवादी हों।

## पटना में कुत्ते का बन गया आवासीय प्रमाण पत्र

बढ़ता राजस्थान

**पटना ( एजेंसी )।** पटना जिले में कुत्ता बाबू नाम से एक निवास प्रमाण पत्र जारी किया गया। इस घटना ने लोक सेवाओं के अधिकार (आरटीपीएस) पोर्टल की सुरक्षा और विश्वसनीयता को लेकर व्यापक आलोचना की है। पटना के ज़िलाधिकारी त्यागराजन ने सोमवार को डॉग बाबू नाम से निवास प्रमाण पत्र जारी करने के पीछे किसी शरारती तत्व का हाथ होने का संदेह जताया। पत्रकारों से बात करते हुए, पटना के डीएम ने कहा कि प्रशासन ने प्रमाण पत्र में गड़बड़ी का पता



चलने के दो मिनट के भीतर ही प्रमाण पत्र रद्द कर दिया। ज़िलाधिकारी ने कहा, मामला बेहद गंभीर है। किसी शरारती तत्व ने ऐसा प्रयास किया है। यह प्रमाण पत्र 24 जुलाई को दोपहर 3.56 बजे जारी किया गया था और दो मिनट के भीतर ही 3.58 बजे रद्द कर दिया गया। उन्होंने आगे बताया कि साइबर पुलिस स्टेशन के साथ मिलकर अधिकारी संदिग्ध व्यक्ति पर नज़र रख रहे हैं और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। अधिकारी ने आगे कहा कि इसमें जो भी शामिल हैं, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। उन्हें निलंबित करने की प्रक्रिया चल रही है। साइबर थाने के माध्यम से हम यह भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह किसने किया और ऐसा आवेदन क्यों दिया गया।

# राजनाथ सिंह जब बता रहे थे युद्धविराम का किस्सा, अचानक खड़े हुए राहुल गांधी और पूछा...

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पहलगाम आतंकी हमले पर लोकसभा में राजनाथ सिंह के बयान के दौरान, राहुल गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर रोकने पर सवाल पूछा। रक्षा मंत्री ने जवाब दिया कि पाकिस्तान ने खुद युद्धविराम की मांग की थी और भारत ने अपने सभी सैन्य उद्देश्यों को पूरा कर लिया था, जिसमें आतंकवाद की नर्सरी को समाप्त करना शामिल था। संसद में जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि मई में ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने कैसे युद्ध विराम पर सहमति जताई, तो विपक्ष के नेता राहुल गांधी अचानक उठ खड़े हुए और पूछा, आपने रोका क्यों? यह बातचीत पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को भारत की प्रतिक्रिया पर लोकसभा में विशेष बहस के दौरान हुई। राहुल गांधी के हस्तक्षेप से पहले राजनाथ सिंह



ने हिंदी में कहा, हमने रक्षा बलों को लक्ष्य चुनने और कड़ा जवाब देने की पूरी स्वतंत्रता दी।

उन्होंने आगे कहा, इस ऑपरेशन का उद्देश्य युद्ध करना नहीं था, बल्कि दुश्मन को हमारी शक्तिशाली सेनाओं के सामने आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर करना था। 10 मई की सुबह, भारतीय वायु सेना द्वारा उनके कई हवाई अड्डों को नष्ट करने के बाद, पाकिस्तान ने हार मान ली और युद्धविराम की मांग की। उन्हें यह कहते हुए रुकना पड़ा- उन्होंने (पाकिस्तान ने) हमारे डीजीएमओ को बुलाया और कहा, महाराज, अब रुकिए, बहुत हो गया। हमने इस शर्त के साथ उनका अनुरोध स्वीकार कर लिया कि...

इस पर राहुल थोड़ी देर के लिए उठे और पूछा, तो आपने ऑपरेशन क्यों रोक दिया? जब राजनाथ ने राहुल गांधी को बैठने का इशारा किया, तो सत्तारूढ़ गठबंधन के सांसद भी भड़क उठे। फिर उन्होंने कहा कि यह क्यों रुका, इस बारे में मैं अपने भाषण में विस्तार से बता चुका हूँ। मैं विपक्ष के नेता के सवाल पूछने के अधिकार का सम्मान करता हूँ, लेकिन उन्हें मेरा पूरा भाषण सुनना चाहिए। सिंह ने लोकसभा में ''पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के मजबूत, सफल एवं निर्णायक 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा'' की शुरुआत करते हुए यह भी कहा कि पाकिस्तान की तरफ से सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) के स्तर पर संपर्क कर आग्रह किया गया था कि अब कार्रवाई रोक दी जाए।

उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधा और कहा कि उसे यह सवाल पूछने के बजाय कि इस अभियान में भारत के कितने विमान गिरे, ऑपरेशन की सफलता पर बात करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा, ''भारत ने कार्रवाई इसलिए रोकी क्योंकि मिशन से पहले जो उद्देश्य तय किए गए थे, उन्हें पूरी तरह हासिल कर लिया गया। किसी दबाव में ऑपरेशन सिंदूर रोकने का आरोप बेबुनियाद है।'' सिंह ने कहा, ''मैं सदन को यह भी बताना चाहूंग कि किसी क्षेत्र पर कब्जा करना इस ऑपरेशन का मकसद नहीं था। इसका उद्देश्य पाकिस्तान द्वारा वर्षों से पाले गए आतंकवाद की नर्सरी का अंत करना था। उन लोगों को न्याय दिलाना था जिन्होंने पाक प्रायोजित पहलगाम हमले में अपने प्रियजनों को खो दिया।''

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार